दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान

R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -246 | ग्वालियर, सोमवार 15 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए






# भाजपा ने बाबा साहब के योगदान को नई पहचान दीः नरेन्द्र मोदी

नर्मदापुरम । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विगत 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा किये गए जन कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं को रेखांकित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर के योगदानों का अपमान किया, मगर भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया और उनके योगदान को नई पहचान दी।

प्रधानमंत्री ने बारिश जैसी विषम परिस्थिति में भी दूर-सुदूर क्षेत्रों से आकर जनसभा के लिए प्रदेश की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश से उठी लहर पूरे देश में फैल चुकी है। पूरा देश आज फिर एक बार मोदी सरकार के नारों से गुंजायमान हो उठा है। आज संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती है और उनकी जन्म स्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में बाबा साहब के घर से लेकर देश-विदेश में वो जहां-जहां भी रहे, भाजपा सरकार उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में स्थापित कर रही है।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वह सम्मान करने का सौभाग्य मोदी सरकार को मिला। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब अंबेडकर को अपमानित किया है। डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के कारण ही, गरीब मां का बेटा मोदी आपसे तीसरी बार सेवा का आशीर्वाद मांग रहा है। बाबा साहब के दिए हुए संविधान के कारण एक आदिवासी परिवार की बेटी आज देश की राष्ट्रपति बनी है। जिस समाज को सबसे अंत में रखकर, वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की प्रथम नागरिक है। भाजपा ने बाबा साहब के मात्र विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आज देश की जनता मोबाइल के माध्यम से जिस यूपीआई के जरिए भुगतान कर रही है, उसका नाम बाबा साहब के सम्मान में भीम यूपीआई रखा गया है।

मोदी ने कहा कि देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समाज का बहुत समृद्ध योगदान रहा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को कभी भी स्वीकार नहीं किया। आजादी के अनेक दशक तक एक ही परिवार ने सीधे और रीमोट कंट्रोल से सरकार चलाई और उसी परिवार ने देश में आपातकाल की घोषणा भी की थी। कांग्रेस ने देशभर की लोकतांत्रिक सरकारों को पत्ते के महल की तरह गिराने का काम किया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और मन-मुताबिक उसे लिखवाकर स्वयं का ही महिमामंडन करवाया। कांग्रेस के हिसाब से पहले लोकतंत्र ठीक चल रहा था, लेकिन जब एक गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना, तो कांग्रेस ने अफवाह फैलानी शुरू कर दी कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। शायद कांग्रेस को पता नहीं कि बाबा साहब के संविधान के कारण ही मोदी इस पद पर पहुंचा है। कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। कांग्रेस में 2014 और 2019 के चुनावों के साथ राम मंदिर उद्घाटन और 370 के हटने पर भी देश में आग लगने की बात कही, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता सिर्फ देश में डर और भ्रम फैलाना चाहते हैं। आग देश में नहीं लगी, आग तो इन विपक्षी नेताओं के दिलों में लगी है। ये जलन इनके दिलो दिमाग में इतनी भर गई है कि ये उन्हें अंदर से जलाती जा रही है। ये जलन भी मोदी की कारण नहीं, 130 करोड़ देशवासियों के मोदी के प्रति प्रेम का कारण है। विपक्षी नेता ये प्रेम भी सहन नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष पिछले 10 वर्षों से सत्ता से बाहर है और इस समय ये लोग ऐसे छटपटाए हैं जैसे इनका सब कुछ लुट गया हो। कांग्रेसी नेता अगर यही कारनामे करते रहेंगे, तो ये जलन उनको इतनी जला देगी कि ये देश आगे कभी उनको मौका नहीं देगा। आज विश्व में युद्ध, अराजकता और अनिश्चितता के कारण चारों तरफ एक धुंधला और आशंका का वातावरण बन गया है। कब क्या होगा और कौनसी मुसीबत आएगी, इस डर से विश्व थरथर कांप रहा है। इस समय ऐसी परिस्थितियों के लिए एक मजबूत और शक्तिशाली भारत बहुत आवश्यक है। आज भाजपा भारत को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए ही देशसेवा में लगी हुई है। अस्थिर, कमजोर, भ्रष्ट और स्वार्थी नेताओं का इंडी गठबंधन देश को मजबूत नहीं बना सकता। जो पार्टी खुद को मजबूत नहीं बना सकती वो देश को क्या मजबूत बनाएगी। देश को शक्तिशाली, मजबूत, सामर्थ्यवान और समृद्ध निर्माण मोदी नहीं जनता का एक-एक वोट बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने के बाद इंडी गठबंधन की हालात खराब है। इंडी गठबंधन के नेता समझ नहीं पा रहे हैं कि घोषणापत्र देश की जनता के प्रति एक जिम्मेदारी होती है, इस गठबंधन के सभी साथी आपस में ही झगड़ रहे हैं और देश की दिशा ही तय नहीं कर पा रहे हैं। उनके वादों में कोई स्पष्टता नहीं दिखती है। इंडी गठबंधन के घोषणापत्र में एक से बढ़कर एक खतरनाक वादे हैं। एक साथी के घोषणापत्र में तो देश को आर्थिक रूप से दिवालिया बनाने वाले वादे किए गए हैं और दूसरे साथी के घोषणापत्र में भारत से परमाणु हथियार खत्म करने का वादा है। परमाणु हथियार तो देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं, लेकिन परमाणु हथियार नष्ट कर ये लोग किसकी मदद करने की बात कर रहे हैं। जितनी घातक विपक्षी गठबंधन के नेताओं की सोच है, उतना ही घातक इनका घोषणापत्र है। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के रूप में जनता को समर्पित है।

# चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे प्रधानमंत्री, नहीं करते महंगाई और आम आदमी की बातः प्रियंका गांधी



जयपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पश्चिमी राजस्थान के जालोर की धरती पर केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दिनों चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि मोदी जी देश की जनता से दूर हो चुके हैं। वो कभी भी महंगाई और आम आदमी की समस्याओं पर बात नहीं करते हैं।

प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को पार्टी उम्मीदवार वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने राज्य की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने पर लगी है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है।

प्रियंका ने कहा कि वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल आपको कुछ देने का प्रचार किया जा रहा है लेकिन आपको कुछ मिल नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में धकेला है। भाजपा की सरकार फिर से आई तो कुछ बदलेगा नहीं। ये देश किसी जी-20 से या बड़े-बड़े इवेंट्स से आगे नहीं बढ़ सकता।

प्रियंका ने कहा कि अब साफ-साफ दिख रहा है कि मोदीजी गरीब के संघर्ष को पहचानने का तैयार नहीं हैं। भ्रष्टाचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि 10 सालों से किसानों, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। न रोजगार मिल रहा है न किसानों को कुछ मिल रहा है। जिस तरह उद्योगपतियों के लोन माफ हो रहे हैं, देश की संपतियां इनको दी जा रही है, हम चाहते हैं कि ये सभी आपको वापस मिले। आपको सिर्फ झूठ बताया जा रहा है, सच्चाई आपको नहीं बताई जाती। देश में जो 30 लाख पद खाली हैं, उनको हम भरेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे कानून लाए गए, जिनसे केवल अरबपतियों को फायदा हुआ। किसान सर्दी में बैठे रहे, महीनों तक सुनवाई नहीं हुई। प्रधानमंत्रीजी का घर कुछ दूरी पर था, लेकिन वो किसी से मिले भी नहीं। फिर उत्तर प्रदेश का चुनाव आया तो मोदीजी ने काले कानून रद्द कर दिए। इनकी नीतियां केवल बड़े-बड़े अरबपतियों के लिए हैं। इनकी नीति भी ठीक नहीं है। मुझे लगता है कि जब सत्ता इतनी हो जाती है तो अधिकारी असलियत नेता को बताते नहीं हैं। मोदीजी जनता से कट चुके हैं, क्योंकि उन्हें असलियत कोई बता नहीं रहा है। मोदीजी देश से कैसी-कैसी बातें कर रहे हैं, जबकि सीधी-सीधी समस्याएं हैं महंगाई और बेरोजगारी।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा वाले केवल बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन लोगों ने खुद कुछ भी नहीं किया है। कांग्रेस के नेताओं ने देश के लिए बलिदान दिया है। भाजपा वालों से पूछना चाहिए कि इन्होंने देश के लिए क्या किया है? गहलोत ने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार कोई काम नहीं कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मोदी की एक भी गारंटी वैसी नहीं है, जैसा अशोक गहलोत ने अपने कार्यकाल में दी थी। मोदी सरकार केवल जुमलेबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 3650 दिन मिले लेकिन एक भी काम इस सरकार ने सही तरीके से नहीं किया। जनता अब मोदी के कार्यकाल से परेशान हो चुकी है, ऐसे में अब इनका जाना तय है।



## कपूर चंद्र जैन की स्मृति में निः शुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 44 मरीजों को चिह्नित किया गया

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। समाज सेवी स्व. श्री कपूर चन्द जैन की स्मृति में डॉ भसीन द्वारा स्थापित रतन ज्योती चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट ग्वालियर के सहयोग से श्री जिनेश जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला मुरैना द्वारा विगत 23 वां निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन परीक्षण शिविर आयोजन दिनांक 14 अप्रैल 2024 दिन रविवार को संपन्न हुआ। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन परीक्षण के लिए 238 मरीजों ने नामांकन कराया, जिसमें से कुल 44 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अम्बाह से बस द्वारा ग्वालियर ले जाया गया। जिससे मरीज के लिए आना जाना खाना दवाइयां एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन आदि निशुल्क रहेगा ।शिविर में टेकचंद जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ एवं एन सी सी कैडेट तथा एन एस एस के स्वयं सेवकों द्वारा प्रदान किया। शिविर में जिनेश जैन, महेंद्र कुमार जैन, अंशुल जैन, श्री टेकचंद जैन स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य आलोक प्रताप सिंह तोमर,अतिराज सिंह तोमर,राजकुमार जैन, , आशाराम प्रजापति,अश्विनी गुप्ता, सुरेन्द्र जैन ,उपदेश सिंह तोमर, कुलदीप भटनागर, अंगद सिंह सिसौदिया, दिलीप वर्मा, साकेत जैन एवं विधालयीन चतुर्थ श्रेणी स्टाफ आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मुरार में विशाल चुनावी सभा

## मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिधिंया, पूर्व गृहमंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे

### भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगे

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर 14 अप्रैल। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह 15 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वहीं लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में मुरार में 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे एक विशाल चुनावी सभा को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिधिंया, पूर्व गृहमंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने दी।



भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिधिंया, पूर्व गृहमंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा, लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य वरिष्ठ नेता अग्रसेन चौराहा, सब्जी मंडी मुरार में आयोजित एक विशाल चुनावी को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनावी सभा के पश्चात भाजपा के सभी नेतागण लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह जी के कलेक्ट्रेड ग्वालियर में नामांकन पत्र दाखिल कराने के दौरान मौजूद रहेंगे।

# भाजपा ने डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर । भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी महानगर ग्वालियर ने आज फूलबाग स्थित डॉ अंबेडकर जी की? प्रतिमा पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

**विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पुष्पांजलि अर्पित की**

डॉ अंबेडकर जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री प्रभात झा, संभाग प्रभारी श्री विजय दुबे,भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल माखीजानी, सुमन शर्मा, अशोक शर्मा जितेंद्र सिंह गुर्जर, राकेश माहौर, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, रामनिवास गुर्जर, जिला महामंत्री श्री विनय जैन विनोद शर्मा राजू पलैया, रामेश्वर भदोरिया, सुरेन्द्र शर्मा, सुधीर गुप्ता, विकास साहू, महेश उमरिया, बृजेंद्र सिंह जादौन, उपेंद्र बेस, भगवान सिंह कुशवाहा पार्षद राजेंद्र सिंह कुशवाह, कनवर मंगलानी, सुघर सिंह पवैया, जयप्रकाश मिश्रा, धर्मेंद्र नायक, विनोद अष्टैया, नीलिमा शिंदे, संतोष गौडियाले गब्बर सिंह जाटव नरसिंह राठौर, मदन शाक्य, जितेंद्र कुशवाह सुमित कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे

# मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के डीबी सिटी टाउनशिप में समस्याओं के अंबार

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर को लेकर रहवासियों ने मोर्चा खोल दिया, रहवासियों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था के नाम से केवल यहां के रहवासियों के साथ छलावा है, पूर्व में इस टाउनशिप में 120 सुरक्षा गार्ड चप्पे-चप्पे पर लगे हुए थे, जिसमें प्रमुख पॉइंट पर बंदूकधारी गार्ड हर समय तैनात रहते थे प्रत्येक टावर पर एक गार्ड मौजूद रहता था किसी भी भारी व्यक्ति की पूर्ण जांच पड़ताल के बाद ही संबंधित रहवासी तक पहुंचता था परंतु वर्तमान परिवेश में नए 6 और टावर तैयार होकर उसमें शत-प्रतिशत पजेशन हो चुका है, बावजूद गाड़ो की संख्या बढ़ाने की बजाय घटकर मात्र 20 से 40 गार्ड्स के सारे पूरी डीबी सिटी की सुरक्षा व्यवस्था हो रही है, इसी आधार पर सुरक्षा व्यवस्था के स्तर का आकलन किया जा सकता है इसी कारण से आए दिन चोरी एवं अन्य पर्याय घटनाएं बढ़ रही हैं, सुरक्षा व्यवस्था एवं आगंतुक कि पहचान की दृष्टि हेतु बिल्डर द्वारा इंटरकॉम व्यवस्था का पूर्णतः लागू हेतु आषवसथ किया था परंतु आज तक नहीं लगाए गए, सभी रहवासियों को क्रय पूर्व पूर्ण कर्व्ड टाउनशिप का कहा गया था, परंतु आज तक 30त्न टाउनशिप ओपन है, जिसे कवर्ड नहीं किया गया है, जिससे आवारा जानवर एवं संदिग्ध एवं शरारती तत्वों का आवागमन बना रहता है, लगातार बिल्डर द्वारा टाउनशिप का विस्तार किया जा रहा है,

अग्निशमन की व्यवस्थाओं पर सोसाइटी में रहने वाले लोगों को सुविधाओं के नाम पर जीरो है, अग्निशमन यंत्रों का उचित संसाधन एवं संचालन नहीं किया जा रहा है, प्रत्येक तीन एवं छह माह में मॉकड्रिल एवं अग्निशमन यंत्रों की जांच की जाना चाहिए, जबकि प्रारंभ से ही इन यंत्रों का मॉकड्रिल के माध्यम से संचालन नहीं किया गया है, यह यंत्र वर्तमान में सही है या नहीं प्रश्न चिन्ह है, शायद प्रबंधन घटना घटने का इंतजार कर रहवासियों की जान माल के साथ खिलवाड़ कर रहा है, इन यंत्रों के लिए सुरक्षित किए गए स्थान पर लगे दरवाजे एवं यंत्र भी जर्जर हालत में है, आग अथवा अन्य दुर्घटना के समय इमरजेंसी निकास एवं बिल्डिंग कनेक्टिविटी का प्रावधान नहीं किया गया है जो की पूर्णतः नियम विरुद्ध है, पर्याप्त लाइट व्यवस्था के नाम पर भी समस्याओं का अंबार है, जिसमें गार्डन एरिया, स्ट्रीट लाइट एवं प्रत्येक टावर में प्रॉपर लाइट की व्यवस्था न होने के कारण वहां अंधेरा व्याप्त रहता है, जिससे बच्चे गार्डन में खेल नहीं पाते, बुजुर्ग एवं महिलाएं वॉक नहीं कर पाते, साथ ही रहवासियों को अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रहवासियों विनोद मिश्रा एम एल तिवारी प्रवीण पवार एके शुक्ला बी के शर्मा के के शर्मा ने अपनी शिकायत दर्ज कराई



# बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजू आर्य का आयोजकों ने फूल-मालाएं पहनाकर किया स्वागत

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा। मारहरा रोड़ स्थित गांव सिरावं में विश्व रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति सिरावं द्वारा भव्य रुप से विश्व रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई।

समिति के सदस्यों ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए भाजपा नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत- सम्मान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजू आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर भारत रत्न नहीं अपितु विश्व रत्न है, उन्होंने जीवनभर समूचे मानव समाज के उत्थान के लिए कार्य किया, तथा तमाम बंदिशों में जकड़ी मातृशक्ति महिलाओं को मुक्ति दिलाई।

इसके साथ ही बाबासाहेब का जीवन लोगों के लिए प्रेरणादायक है कि तमाम कष्ट सहने के बाद भी रुकना नहीं है बल्कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ना है, बाबासाहेब हमें आज ऐसा संविधान देकर गए हैं कि जिसमें सभी को सम्मान अधिकार हैं चाहे वो किसी भी जाति-धर्म से हों महिला हों चाहे पुरुष, आज भारत के अलावा अमेरिका, जापान, ब्रिटेन जैसे शक्तिशाली देश अपने देशों में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमाएं लगा रहे हैं यह बताता है कि अंबेडकर साहब का कितना महान व्यक्तित्व था।

इस अवसर पर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राकेश कश्यप, वरिष्ठ सर्जन डॉ रवीन यादव, समिति के अध्यक्ष भगवानदास, मोनू ठाकुर , सतेन्द्र नेताजी, गजेन्द्र सिंह, प्रधान विपिन यादव, प्रधान प्रवेश यादव, अंकित यादव, सुरेश चंद्र, अर्जुन सोलंकी, मनोज कुमार, विपनेश कुमार, उमेश यादव, रामकुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नगीना धूमधाम से मनाई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



नगीना धूमधाम से मनाई बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में निकली भव्य शोभायात्रा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सतीश गौतम एवं समिति के पदाधिकारी ने किया, शोभा यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां एवं बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।शोभा यात्रा में महिलाओं बच्चों नौजवानों एवं बुजुर्गो ने प्रतिभाग किया,शोभायात्रा देवता मंदिर मोहल्ला चौधराना से प्रारंभ होकर जामा मस्जिद बड़ा मंदिर मंडी मालगंज नगर पालिका नगीना गांधी मूर्ति से होती हुई अंबेडकर स्मारक स्टेशन रोड नगीना पर विचार गोष्ठी में परिवर्तित हो गई।कार्यक्रमों में विभिन्न दलों के प्रत्याशी एवं विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यतः पूर्व विधायक सतीश गौतम,विधायक मनोज पारस, विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार, पूर्व मंत्री ओमवती देवी,अनूप वाल्मीकि,रोहित कुमार रवि, बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह, बृजपाल सिंह, आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी चंद्रशेखर, नगर पालिका अध्यक्ष पुत्र सिराज खलील,क्षेत्रीय प्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंस एस पी सिंह, पूर्व श्रम उपायुक्त रोशन लाल,गोपाल सिंह,राजकुमार सिंह,रामदयाल सिंह, भूरे सिंह,चंदेल सिंह,आदि राठौर,नीरज बिश्नोई ,डा .भूपेश, पंडित सचिन शर्मा, मास्टर धर्मवीर सिंह,आलोक प्रधान, सुगम प्रधान, बलराम एडवोकेट, चंद्रपाल सिंह ,राजेंद्र सिंह,डॉ रविकांत, रामचंद्र सिंह, रचित कुमार, बाबूराम,सीताराम, हरि सिंह,रमन कुमार,अविनाश कुमार, धर्मेंद्र पारस,ऋषिपाल,लवी मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अमन सिंह,संदीप कुमार,रवि निमला, डॉ मनोज,डॉक्टर अशोक एवं महिलाओं समेत तकरीबन 1500 श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की ग्राम बनी में मूर्ति का अनावरण

**दलितों के मसीहा थे बाबा साहब।**

**मोहित यादव प्रत्यासी 40 लोकसभा क्षेत्र फरुखानाद।**

भारतीय संविधान के निर्माता गरीबों के मसीहा दलितों को सम्मान दिलाने वाले बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की पुण्य जयंती पर अलीगंज क्षेत्र के अर्तगत ग्राम बनी में उनकी प्रतिमा का अनावरण बौध्द श्लोकों के मध्य उपस्थित भंते के दिशा निर्देशन में उनके अनुयायियों में प्रवक्ता प्रेम सिंह जी द्वारा किया गया।मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपना हक पार्टी के लोकसभा40 फर्रुखानाद के प्रत्यासी मोहित यादव की गरिमामयी उपस्थित रही।मूर्ति अनावरण के अबसर पर उपस्थित जनता द्वारा जय घोष करते हुए, बाबा साहेब को स्मरण किया।मुख्य अतिथि मोहित यादव ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब दलितों के मसीहा तो थे ही।अपितु,उन्होंने भारतीय संविधान में दलितों को उनका जक दिलाने के लिए संघर्ष किया।आज भारत विश्व गुरु बनने की श्रेणी में आया है तो यह प्रयास अंबेडकर जी का ही था योगेश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा प्रभारी फर्रुखाबाद, विपिन कुमार टीकाराम के अलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# धूम धाम से मनाई गई बाबा साहेब डा भीमराव अंबेड्कर की ज़यंती



Jila Bijnor Nagina Kesariya Hindustan Nagina । बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बैंड बाजों व आकर्षक झांकियों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में मोहल्ला चौधाराना के मंदिर से हवन पूजन के उपरांत दोपहर 11 बजे करीब शुरू हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो, तहसील रोड ,गांधी मूर्ति तिराहे से होती हुई अपरान्ह 3 बजे करीब स्टेशन रोड पर मुंसफी के निकट अंबेडकर पार्क में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा में भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर आधारित भीमराव अंबेडकर , संत रविदास, महात्मा बुद्ध सहित 1 दर्जन से आकर्षक व मनोहारी झांकियां ,बैंड बाजे व अखाड़े शामिल रहे शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो युवा नीले झंडे लिये नारे बाजी के साथ डीजे की धुन पर नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कर रहे थे ,शोभायात्रा में विधायक मनोज पारस , पूर्व विधायक सतीश गौतम , भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ,नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई ,धर्मेंद्र पारस , रामदयाल सिंह अशोक कुमार ओम प्रकाश , रामगोपाल, मास्टर धर्मवीर सिंह , रोहित रवि , चंद्रपाल सिंह, नगर पालिका चेयरपर्सन पुत्र सिराज खलील सहित संख्या में अंबेडकर अनुयायी व गणमान्य लोग शामिल रहे। शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ व थाना प्रभारी सुनील कुमार सशस्त्र पुलिस बल के साथ शोभा यात्रा के साथ रहे।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर133वा जयंती समारोह आयोजित किया गया



**रोहट से रिपोर्टर चंद्राराम भाटी की रिपोर्ट**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रोहट में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विकास समिति, रोहट के तत्वाधान में बोधिसत्व, ज्ञान के प्रतीक, संविधान निर्माता, भारत रत्न ÷बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर133वा जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य बाजार से रैली का भव्य आयोजन किया उसके बाद में कार्यकम में अम्बेडकर अनुयाई द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर समिति से एडवोकेट के.आर. बागरेचा रोहट, रमेश कुमार हंस, अध्यापक खरता राम लालकी मदन कटरिया,सुनील हंस, चंद्राराम मेघवाल कलाली श्यामलाल, मोटाराम , हरदेव विरायस , बीआर टेलर,, छोगाराम मोरिया, राणा राणावत , प्रकाश भाटी रामपुर श्रवण भाटी कलाली हुकमाराम लालकी कलाराम बामणिया ढूढली, विरम राम चेंडा, बिट्टू , विक्रम पंवार सवालता, चैनाराम , प्रकाश बावरी रामपुरा, फेनाराम निम्बली, , कमल राम बरवड़, प्रेम पेंटर, भागीरथ टेलर, राजेश कुमार, सोमाराम, भिखाराम सोलंकी, आसपास के ग्रामीणों वह सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदान केन्द्रों में नहीं कर सकेंगे फोटो एवं वीडियोग्राफी

**कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली /- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस 19 अप्रैल के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। यह आदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किये गये हैं।आदेश के अनुसार मतदान के दिवस 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक मतदान केन्द्रों के भीतर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार की फोटो, विडियोग्राफी प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के अन्दर मोबाईल, सेल्युलर, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।उपर्युक्त प्रतिबन्ध भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध अन्य किसी नियम,आदेश के प्रतिबन्धों के अतिरिक्त होंगे। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त प्रतिबन्धात्मक आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के तहत अभियोजित किया जायेगा।

# भाजपा कार्यालय में दी गई डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि, 23 को मोदी की सभा को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह /जिला ब्यूरो**

टीकमगढ़। आज स्थानीय भाजपा नवीन कार्यालय में डॉ अंबेडकर को फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, उनके विचारों को याद किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में लोकसभा प्रभारी सुधीर अग्रवाल, लोकसभा संयोजक विवेक चतुर्वेदी, प्रतेंद्र सिंघई, रीतेश भदौरा, मुन्ना लाल साहू,बलवीर जोशी, प्रफुल्ल द्विवेदी ,अनीश खान, विकास यादव,नीरज शर्मा, राजीव वर्धमान, पंकज प्रजापति , स्वप्निल तिवारी , रोहित वैसाखिया, मनोज देवलिया, अंकित तोमर, आदित्य योगी, विनय सेन, अंकित तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, शक्ति दोंदरिया, प्रमोद खरे मुख्य रूप से रहे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना द्वारा भाजपा सदस्यों के साथ अंबेडकर चौराहे पर डॉ अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि दी गई। जिसके पश्चात भाजपा लोकसभा प्रभारी सुधीर अग्रवाल व लोकसभा संयोजक विवेक चतुर्वेदी द्वारा 23 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीकमगढ़ आगमन व उनकी सभा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें व्यवस्थापक उपस्थिति रहे, जिसमें व्यवस्था सदस्यों को मंच, वाहन व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल, आईटी सेक्टर, कॉल सेंटर, हेलीपैड व्यवस्था, जनसभा बैठक व्यवस्था, पंडाल व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, होल्डिंग, जलपान व भोजन व्यवस्था और आवास व्यवस्था की जिम्मेदारियां सौंपी गई, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा एकमत होकर कार्यक्रम सफल बने इसके लिए रूपरेखा तैयार की गई। सुधीर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीकमगढ़ सभा ऐतिहासिक होगी जिसमें जनता का हुजूम प्यार और आशीर्वाद के रूप में देखने को मिलेगा।



# जतारा विधायक ने की नुक्कड़ सभाएं कहा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नहीं पता पार्टी के नाम का अर्थ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने नुक्कड़ सभाएं शुरू कर दी हैं। रविवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री और जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने एक दर्जन गांवों में जाकर नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस 100 साल पुरानी पार्टी है, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं को पार्टी के नाम भी मतलब पता नहीं है।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि पार्टी के प्रदेश आह्वान पर शक्ति केंद्रों पर पथ सभाओं का आयोजन शुरू किया गया है। रविवार को जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने शक्ति केंद्र शिवपुरी, धनवाहा, अस्तोन, पहाड़ी तिलवारन, पठा, समर्रा, सापोन, अमरपुर, डूंडा और ककरवाहा में पथ सभाओं के माध्यम से लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत की साख बढ़ाई है। आज भारत विश्व में तीसरी शक्ति के रूप में तेजी के साथ उभर रहा है। भाजपा सरकार ने महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं तैयार की हैं।



इसके अलावा किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अश्वनी चढ़ार, जिला उपाध्यक्ष रोहित खटीक, प्रवीण नामदेव, सोबरन कुशवाहा, अंशुल व्यास सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि कांग्रेस 100 साल पुरानी पार्टी हो गई है, लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अब तक उनकी पार्टी के नाम का अर्थ पता नहीं है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पता है कि हमारी पार्टी भारतीय जनता की पार्टी है।

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने पर लगाई रोक, 23 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

इंदौर संभाग ब्यूरो-ः मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ( ॥द्बद्दद्ध-ष्टश्वह्लह्ल) ने नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने से जुड़ी एक याचिका पर बड़ा आदेश दिया है. कोर्ट ने मान्यता के लिए राज्य शासन द्वारा बनाए नए नियमों के क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है.

जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है.

बता दें लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को चुनौती देते हुए एमपी हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेजों की जांच सीबीआई को सौंपी थी. सीबीआई की जांच रिपोर्ट के आधार पर नर्सिंग कॉलेजों के संचालन और छात्रों को परीक्षा में शामिल किए जाने के संबंध में पहले आदेश जारी किए थे.

याचिकाकर्ता की ओर से राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग शिक्षण संस्था मान्यता नियम 2024 को चुनौती देते हुए याचिका में संशोधन का आवेदन पेश किया गया था. नए नियम में नए कॉलेज की मान्यता और पुराने कॉलेजों की मान्यता को नया करने के लिए 20 हजार से 23 हजार वर्गफीट अकादमिक भवन की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए मात्र 8 हजार वर्गफीट कर दिया गया था.



***राज्य सरकार ने दिया ये तर्क***

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पिछले दो सालों में सीबीआई जांच में प्रदेश के 66 नर्सिंग कॉलेज अयोग्य पाए गए हैं, जिनमें सरकारी कॉलेज भी शामिल हैं. सरकार ने इन्हीं कॉलेजों को नए सत्र से बैकडोर एंट्री देने के लिए नए नियम बनाए हैं. नर्सिंग से संबंधित मानक और मानदंड तय करने वाली अपैक्स संस्था इंडियन नर्सिंग काउंसिल के रेग्युलेशन 2020 में भी स्पष्ट उल्लेख है कि 23 हजार वर्गफीट के अकादमिक भवन युक्त नर्सिंग कॉलेज को ही मान्यता दी जा सकती है.

राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि नए नियम बनाने के अधिकार राज्य शासन को हैं, इसलिए इन्हें गलत नहीं कहा जा सकता है. जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने अगले आदेश तक मान्यता के नियमों को लागू करने पर रोक लगाते हुए मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है.


# भाजपा का संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष का विजन डाक्यूमेंट : शरदेन्दू तिवारी

### प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण व सेवा को समर्पित होंगे अगले पांच वर्ष -- डा राजेश मिश्र

### संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है - देव कुमार

### दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने में सहायक होगा भाजपा का घोषणा पत्र --- रीती पाठक









सीधी ब्यूरो । भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जारी किए गए संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं चुरहट के पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी ने कहा कि यह संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष के विकास का विजन डाक्यूमेंट है। इस संकल्प-पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अगले पांच वर्ष सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का है। यह विजन डाक्यूमेंट भी भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जारी किया है, जो यह बताता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दलित, वंचित, शोषित व सर्वहारा वर्ग के लिए भाजपा सरकार आगे लगातार कार्य करती रहेगी। संकल्प-पत्र में जो बाते कही गई हैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन सभी बातों को पूरा करेगी।

### संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है --- जिलाध्यक्ष देव कुमार

भारतीय जनता पार्टी के के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती पर अपना संकल्प-पत्र जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस संकल्प-पत्र को लेकर हम सब संकल्प ले सकते हैं कि अगले पांच वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सेवा, सुशासन को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है। भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प लेती है, उस संकल्प को पूरा करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस दिशा में काम करे ।

### ये संकल्प पत्र आने वाले 5 साल का नहीं, बल्कि आने वाले 500 साल का संकल्प पत्र है -- डॉ राजेश मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी ख्यात प्रति चिकित्सक पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजेश मिश्रा ने संकल्प पत्र पर को देश कि भविष्य का ट्रेलर बताया है और शानदार संकल्प पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी समिति को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि विकास के जिस संकल्प ने पिछले एक दशक में देश की दिशा बदली, वही संकल्प भविष्य में देश के ग़रीब, युवा, किसान और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए विकसित भारत के सपने को मोदी जी की गारंटी के साथ साकार करेगा। भाजपा प्रत्याशी डॉ मिश्रा ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से मैं इस संकल्प पत्र को साकार करने का एक माध्यम बनूगा। इसके साथ ही भाजपा का संकल्प पत्र, 'गरीब कल्याण' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है।आने वाले 5 वर्षों में मुफ्त राशन, इलाज, बिजली और गुणवत्ता वाले आवास जैसी सुविधाएँ से गरीब परिवारजनों मिलती रहेगी। गरीब को लूटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती रहेगी, ये मोदी की गारंटी है।

### दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने में सहायक होगा भाजपा का घोषणा पत्र --- रीती पाठक

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सीधी विधायक पूर्व सांसद श्रीमती रीती पाठक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा पेश किए गए घोषणा पत्र को आगामी पंचवर्षी में तीसरी अर्थव्यवस्था का ट्रेलर बताया है इसके साथ ही कहा कि 2047 में विश्व की महाशक्ति भारत बनने के लिए यह घोषणा पत्र सहायक होगा इसके साथ ही विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि देश का सक्षम नेतृत्व मोदी सरकार ने एक दशक में देश के गरीबों, किसानों व वंचितों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया है। एक तरफ जहाँ अन्न योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधि व पीएम मानधन से देश के करोड़ों गरीब लाभान्वित हुए, वहीं किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद-बीज के दामों में कमी व फसल मूल्य में वृद्धि के कार्यों से देश के किसान भी सशक्त हुए। मोदी 3.0 में देश के गरीब, किसान, महिला, युवा व बुजुर्गों के सशक्तीकरण के प्रयासों को और अधिक गति देने के संकल्प के साथ प्रस्तुत भाजपा का यह संकल्प पत्र, सभी आयु, वर्ग व समुदाय के चहुँमुखी विकास की 'मोदी की गारंटी' है। अब, 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। हम %एक राष्ट्र, एक चुनाव% के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। भाजपा समान नागरिक संहिता लागू करने को देश के लिए महत्वपूर्ण मानती है। इसके साथ ही सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि हमारा %संकल्प पत्र% इन्हीं प्रतिबद्धताओं को क्रियान्वित करने हेतु राष्ट्र के प्रति हमारी कर्तव्यनिष्ठा का दस्तावेज है।भारतीय जनता पार्टी देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ- युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है।

# भाजपाइयों ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

### भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर गरीबों के मसीहा -- डॉ राजेश मिश्रा

### डॉक्टर साहब के सपनों को साकार कर रही भाजपा -- देव कुमार

सीधी ब्यूरो

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर अंबेडकर चौक पहुंचकर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन



यादव के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी दलित, शोषित और वंचितों को सामर्थ्यवान बनाने में लगी हुई है।

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब पूरा जीवन गरीबों के लिए और उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। संविधान का निर्माण करके भारत को सशक्त और समृद्धशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज देश उनके इस योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान, लोकसभा के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुरेश सिंह चौहान, जिला महामंत्री डॉ मनोज मिश्रा, विधानसभा के संयोजक विनय सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सह प्रभारी डॉक्टर मनीला सिंह चौहान, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पंकज पांडे, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहकर भारत रत्न डॉक्टर साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आज आएंगे सीधी, महुआगांव में विशाल जनसभा और सीधी में होगा विशाल रोड शो



सीधी ब्यूरो । भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के चुनाव प्रचार हेतु सीधी पहुँच रहे हैं, जहां भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में शानदार स्वागत की तैयारी की जा रही है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 अप्रैल शायं 4 बजे सीधी हवाई पट्टी पर पहुंचने के पश्चात धौहनी विधानसभा के महुआगांव में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेते हुए विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके पश्चात शाम 6 बजे सीधी नगर में विशाल रोड शो करते हुए भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के लिए विजय श्री का आशीर्वाद मांगेंगे। रात्रि विश्राम सीधी में ही रहेगा।

# सीधी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की आज होगी ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं

### जीतू पटवारी अजय सिंह राहुल उमंग सिंघार अरुण यादव सभा को करेंगे सम्बोधित









सीधी ब्यूरो

सीधी संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है चुनावी समर में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के पक्ष में जनता का आशीर्वाद और समर्थन मांगने आज 15 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव हेलीकॉप्टर से ताबड़तोड़ सभाएं करेंगे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीधी जिले के बरमबाबा में दोपहर 1.00 बजे और बहरी में शाम 4~00 कुबरी में शाम 5~00 पनवार चौहानन टोला में शाम 6~00 बजे विशाल चुनावी सभा का आयोजन किया गया है साथ ही सीधी संसदीय क्षेत्र के व्यहारी दुधमनिया में भी जनसभा का आयोजन किया गया है जिला कांग्रेस कमेटी सीधी ने आग्रह है कि नजदीकी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व सांसद पूर्व विधायक,लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी,जिलाध्यक्षगण पूर्व अध्यक्षगण, नगरीय निकाय एवं पंचायती राज के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी सभी अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित समस्त पार्षदगण,जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य कांग्रेसजन जनता जनार्दन माताएं बहने ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचकर जनसभा को सफल बनाएं।









# विहंगम रूप से नगर में निकाली गई बाबा अंबेडकर की जयंती का चल समारोह, महिला, पुरुषों एवं राजनीतिक दलों ने किया भव्य स्वागत



सबलगढ़ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 14 अप्रैल की 133 वीं जयंती मनाई गई है।जिनको भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है।उनकी भूमिका संविधान निर्माण एवं दलित समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण रही। अंबेडकर जयंती धूमधाम से चल समारोह निकालकर मनाई गई। रविवार को दोपहर 3 ः00 बजे बेनीपुरा स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की जयंती सभी राजनीतिक दलों के द्वारा धूमधाम से मनाई गई।जहां से एक विशाल चल समारोह नगर के मध्य धूमधाम से निकाला गया।उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक गांव में हुआ था।उस दौर में उन्हें आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा।उनके विचार महिलाओं, पुरुषों के बराबर,अल्पसंख्यकों और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ भीमराव आंबेडकर के अनमोल विचार हिंदू धर्म में, विवेक के कारण और स्वतंत्र सोच के विकास के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।भारत के संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका।यह संविधान अन्य देशों से अलग है जो हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है हालांकि उन्होंने कठिनाइयों से हार नहीं मानी और 32 डिग्री हासिल की। एक कुशल अर्थशास्त्री रहे।डॉ. बी आर अंबेडकर की जयंती के मौके पर जानें कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब की क्या भूमिका है।देश की आजादी के बाद भारतीय संविधान सभा का गठन हुआ।संविधान सभा में कुल 379 सदस्य थे,जिसमें 15 महिलाएं थीं।संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर थे।कई विशेषज्ञों के मुताबिक, संविधान सभा में बाबा साहेब का चयन उनकी प्रशासनिक दक्षता और राजनीतिक प्रभाव के कारण हुआ था।संविधान निर्माण के लिए जिस ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन हुआ उसके मुखिया के तौर पर अंबेडकर का निर्वाचन हुआ। उस समय नेहरू ने संविधान सभा के उद्देश्यों की एक रूपरेखा प्रस्तुत की थी, तब एक अन्य सदस्य रहे जयकर ने राय दी कि किसी भी प्रस्ताव पर मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि के बिना मतदान नहीं किया जा सकता। इस पर अंबेडकर ने भी पहली बार हस्तक्षेप कर अपनी राय से बहुत सारे कांग्रेसी नेता प्रभावित हुए। संविधान सभा ने एक प्रस्ताव तैयार किया गया। विभिन्न राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस, बहुजन समाज एवं माकपा पार्टियों के प्रमुख व पदाधिकारी, केदार मौर्य,राजवीर राय, भागीरथ पचोरिया,ओम प्रकाश जाटव,रामकुमार सगर विजय सिंह कैमोर,लेखराज मास्टर, संजीव कैमौर आरसी निबौरिया।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने विभिन्न नाकों का किया औचक निरीक्षण



## एसएसटी प्रभारियों को दिए निर्देश कोई भी संदिग्ध वाहन बगैर जाँच के निकलने न पाए

## अपनी मौजूदगी में कराई वाहनों की जाँच

ग्वालियर। एसएसटी एवं एफएसटी टीम भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। आयोग के दिशा-निर्देशों और आचार संहिता का उल्लंघन सामने आने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बनाए गए नाकों के निरीक्षण के दौरान इन टीमों में शामिल अधिकारियों व पुलिस बल को दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह एवं अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार व एसडीएम श्री विनोद सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने रविवार की देर शाम विक्की फेक्ट्री तिराहा पर स्थापित एसएसटी नाके के निरीक्षण के दौरान जोर देकर कहा कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चैकिंग के निकलना नहीं चाहिए। संदिग्ध धनराशि, अवैध मादक पदार्थ और ऐसी वस्तुओं को जब्त करें, जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना हो। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नाके पर अपनी मौजूदगी में वाहनों की जाँच भी कराई। ज्ञात हो जिले के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के मकसद से नाके बनाकर 22 एसएसटी (स्थेटिक सर्विलेंस टीम) तैनात की गई हैं। साथ ही 18-18 एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) वीएसटी (वीडियो सर्विलेंस टीम) काम कर रही हैं। इन टीमों में सेक्टर अधिकारियों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल शामिल किया गया है।



## ग्राम पंचायत थरा के दिमनी विधानसभा में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए किया प्रेरित

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अंबाह। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए रंगोली द्वारा अनेक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहे हैं इसी के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम थरा दिमनी विधानसभा के शासकीय माध्यमिक कन्या शाला थरा में स्टाफ के द्वारा, छात्राओं के द्वारा रंगोली कार्यक्रम कर मतदान जागरूकता अभियान लोगों के अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया इस मौके पर विद्यालय प्रभारी नीलेश शर्मा गंगा सिंह परिहार ,सोनूतोमर व समस्त स्टाफ , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायका मौजूद रहीं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत हुआ क्रिकेट मैच

## शिक्षा विभाग एवं आजाद इलेवन के बीच हुआ मुकाबला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम**

**स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास**

नर्मदा पुरम-ः आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूक अभियान स्वीप प्लान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन प्राप्त है प्रातः 7ः00 बजे से केंद्रीय विद्यालय मैदान एस0पी0एम0 नर्मदा पुरम में शिक्षा विभाग तथा आजाद इलेवन के बीच खेला गया जिसमें सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा समस्त प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया उसके उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रजातंत्र से नाता है हम भारत के मतदाता हैं एवं आओ मिलकर अलख जगायें शत प्रतिशत मतदान करावे नारो का उद्घोष करते हुए लोकसभा निर्वाचन हेतु शत प्रतिशत मतदान किए जाने तथा परिवार समाज तथा आसपास के जन समूह को मतदान किए जाने हेतु जन जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई मैच के प्रारंभ में आजाद इलेवन ने टॉस जीत कर बॉलिंग करने का फैसला लिया शिक्षा विभाग की टीम द्वारा



सर्वप्रथम बैटिंग करते हुए 6.8 के औसत से 16 ओवर में 105 रन का लक्ष्य आजाद इलेवन को दिया जिसे आजाद इलेवन ने 6.9 के औसत से 15 ओवर दो बाल में ही प्राप्त कर लिया शिक्षा विभाग टीम के कप्तान अरविंद तिवारी तथा आजाद इलेवन टीम के कप्तान माधव हणे द्वारा मैच के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम का आभार व्यक्त करते हुए स्वीप गतिविधि के अंतर्गत खेले गए मैच को एक अनूठी पहल मानते हुए इस प्रकार की गतिविधि को निरंतर किए जाने तथा समस्त प्रतिभागियों को मतदान किए जाने की शपथ दिलाई गई।



## ग्राम हिरनखेड़ा में मनाई गई अंबेडकर जयंती'

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास**

नर्मदापुरम/सिवनीमालवा -ः भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्राम हिरनखेड़ा में मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. आंबेडकर के छायाचित्र पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों द्वारा माल्यार्पण किया गया । इस दौरान ग्राम के युवा समाजसेवी आशुतोष लिटोरिया द्वारा संविधान निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर द्वारा दिए गए अतुलनीय योगदान विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर एक ऐसे गौरवशाली महापुरुष थे जिन्होंने देश को लोकतांत्रिक विधायकी व्यवस्था,न्यायपालिका व्यवस्था और कार्यपालिका व्यवस्था, के साथ-साथ समाज में आर्थिक और सामाजिक समानता लाने की दूरदृष्टि से भारतीय संविधान की रचना की है । ग्राम के युवा राजकुमार अश्वारे द्वारा समाज सुधार के लिए अंबेडकर द्वारा किए गए संघर्षों के बारे में बताया गया। वहीं युवा संजय कटारे द्वारा बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। रामकृष्ण कटारे द्वारा भारतीय संविधान की विभिन्न विशेषताओं पर उद्बोधन दिया गया। उपस्थित युवा मंड़ली द्वारा बाबा साहब के छायाचित्र के सामने केक काटकर जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अंत में संविधान में दिए गए नागरिकों के कर्तव्य पालन विषय पर शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शिवदयाल अश्वारे , महेश हरियाले, लखनलाल अश्वारे, रघुवीर हरियाले, बसंत हरियाले, भैयालाल बारबे,एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शीतला माता मंदिर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



## स्ट्रीट लाईट सहित सम्पूर्ण बिजली व्यवस्था 24 घंटे सुचारू रखने के दिए निर्देश

## नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के साथ बारीकी से देखीं व्यवस्थाएँ

ग्वालियर। जिले के सातऊ ग्राम में स्थित सुप्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में नवदुर्गा महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान रविवार की देर शाम शीता माता मंदिर पहुँचीं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के साथ मेला परिसर में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के लिये सुरक्षा व बुनियादी सुविधाएँ तथा स्ट्रीट लाईट सहित सम्पूर्ण बिजली व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला परिसर में बिजली व्यवस्था 24 घंटे सुचारू रहे। इसके लिए पुख्ता इंतजाम रहें। साथ ही माता के दर्शन के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के लिए बैरीकेटिंग व कतार लगाने की व्यवस्था मजबूत हो। इसमें कोई ढ़िलाई न हो। संबंधित अधिकारी मुस्तैद होकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह ने शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम झाँसी रोड़ श्री विनोद सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार व तहसीलदार श्री अनिल राघव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी

## विधानसभा चुनाव में नर्मदापुरम से जो लहर उठी उसने सभी को चौका दिया

## ईडी गठबंधन का घोषणा पत्र घातक

## 3 करोड़ घर बनाने का संकल्प

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम/पिपरिया -ः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नर्मदापुरम के पिपरिया के स्थानीय शिवानी गार्डन विजनवाड़ा पहुंचे। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने नर्मदा मैया के जयकारे लगाए। उसके बाद सभा को संबोधित किया । मोदी ने लोगों से कहा कि आप इतनी धूप में आए, बड़ी संख्या में आए आपके प्यार ने कार्यक्रम को सफल बना दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी, आग देश में नहीं लगेगी आग , जलन उनके दिलों में लगी है। हमने मोबाइल से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं वह डिजिटल पेमेंट योजना का नाम भीम यूपीआई रखा जो, बाबा साहब के नाम के ऊपर रखा गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में नर्मदा पुरम से जो लहर उठी उसने सभी को चौंका दिया और देश भर में फैल गई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित




करते हुए कहा कि कांग्रेस ने इतिहास को तोड़ा मरोड़ा और खुद का महिमा मंडन कर पेश किया। कांग्रेस अफवाह फैला रही हैं कि यदि मोदी प्रधानमंत्री बन जाएगा तो संविधान और लोकतंत्र को खतरा हो जाएगा। लेकिन बाबा साहब के संविधान के कारण ही मोदी यहां पहुंचा है । उन्होंने कहा कि ईडी गठबंधन तय नहीं कर पा रहा है कि देश की जिम्मेदारी क्या होती है, इन्हें नहीं मालूम। आपस में ही है उलटफेर कर रहे हैं । उनकी सोच घातक है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा , भाजपा प्रत्याशी दर्शन चौधरी,डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्य सभा सदस्य माया नारोलिया , छिंदवाड़ा प्रत्याशी बंटी साहू, विधायक ठाकुर नागवंशी, विधायक प्रेम शंकर वर्मा , विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक अर्जुन पलिया , पूर्व विधायक हरि शंकर जयसवाल, नपा अध्यक्ष नीना नागपाल, कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया । आभार प्रदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने किया ।



## महाकालेश्वर मन्दिर पर पंचमी के पावन पर्व पर चूल का आयोजन किया गया

*दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान रतलाम जिला प्रतिनिधि अर्जुनसिंह डोडिया कि रिपोर्ट*

रतलाम जिले के गांव लूनी मेघपुरा में आज अति प्राचीनतम महाकालेश्वर मंदिर मेघपुरा पर कई वर्षो से चली आ रही परम्परा चूल का आयोजन चैत्र मास के नौ रात्रि के पंचम दिवस पंचमी के पर्व पर चूल चलकर ग्रामीण जन महाकेश्वर से मन्नत मांगते है और पूरी होने पर आस्था मान्यता अनुसार प्रतिवर्ष होने वाली चूल में नंगे पांव धधकते अंगारे पर चलते है और विश्वास और आस्था का परिचय देते है इस मंदिर पर सांप बिच्छू अन्य जहरीले जंतु के काटने पर उनका जहर भी उतार जाता है यह जानकारी पुजारी राधेश्याम शर्मा ने दी।

# लक्सर विधायक मो. शहज़ाद ने संविधान निर्माता डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया

अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*



लक्सर/ संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती आज रविवार को लक्सर क्षेत्र में धूमधाम से मनाई। जिसमे क्षेत्र वासीयों सहित लक्सर विधायक मो. शहज़ाद ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान लक्सर बसपा विधायक मो. शहज़ाद व उनके कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एकत्रित होकर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। लक्सर विधायक मो. शहज़ाद ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने ना सिर्फ देश के संविधान को बनाया बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया है, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। आंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें सभी वर्गों को समानता का भाव मिला। उन्होंने कहां कि डॉ. आंबेडकर द्वारा दलित समाज के उत्थान व शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए किए गए प्रयास आज भी प्रासांगिक हैं। उन्होंने कहा समाज के लोगों को उनके विचारों व उनके आदर्शो को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहां की बाबा साहेब ने शिक्षा से दलित समाज को गति प्रदान करने का काम किया है। वही हमारा भी कर्तव्य है कि समाज के उत्थान में अपना योगदान दें और देश व समाज को आगे बढ़ाए। उन्होंने कहां की सभी वर्ग के लोगो को शिक्षा को अपनाना होगा और शिक्षा से ही लोग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। समाज के लोग उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर देश की उन्नति में योगदान दें। इस अवसर पर लक्सर विधायक मोहम्मद शहज़ाद सहित उनके कार्यकर्ता मोहन सिंह, मोहम्मद जावेद खत्री, डॉ. नाथीराम, पंकज भाटी, चंद्रपाल, सतीश, मोहम्मद समीम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# डेढ माह बाद लोटे खाटू श्याम प्रेमि का नगर में किया गया स्वागत



1700 किलोमीटर की यात्रा पुरी कर डेढ़ माह बाद घर लोटे खाटू श्याम प्रेमी का स्वागत किया गया।

नगर के मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी स्वर्गीय मास्टर तेज बिश्नोई के पुत्र 42 वर्षीय खाटू श्याम प्रेमी अमित बिश्नोई उर्फ लाला बाबा खाटू श्याम के दर्शन हेतु जागेश्वर धाम और जागेश्वर धाम से खाटू श्याम ( जयपुर - राजस्थान ) तक की 1700 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए गत माह 9 मार्च को नगीना से रवाना हुए थे बाबा खाटू श्याम के दर्शन के बाद अपनी पैदल यात्रा पूरी कर डेढ़ माह बाद रविवार की सुबह 10 बजे करीब गृह नगर नगीना में पहुंचने पर खाटू श्याम प्रेमी अमित बिश्नोई का डबल फाटक व स्टेशन रोड पर भाजपा नेता रोशनलाल , नीरज बिश्रोई , राजू बिश्नोई ब्रेड वाले, सभासद हर्ष बिश्नोई , मोनू गुप्ता ,कपिल सैनी ,अतुल विश्नोई व हर्ष बिश्नोई सहित सैकड़ों की संख्या में खाटू श्याम व अन्य धर्म प्रेमी नगर वासियों द्वारा फूल बरसा कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश की अखंडता एवं एकता के लिए किया सतत प्रयास, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व ग्रामीण विधायक अनुपम रावत ने 44 गांव में पहुँच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया



ग्रामीण/ संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती जगजीतपुर के आंबेडकर पार्क में रविवार को धूमधाम से मनाई गई। जिसमें जगजीतपुर वासियों ने सहित पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व उनकी बेटी ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की। इस मौके पर उन्होंने कहां की बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने ना सिर्फ देश के संविधान को बनाया है। बल्कि समरसता के उस भाव को भी आगे बढ़ाया है, जो भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहां की आंबेडकर ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश की अखंडता एवं एकता के लिए सतत प्रयास किया। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें सभी वर्गों को समानता का भाव मिलता है। हरीश रावत ने कहां कि डॉ. आंबेडकर द्वारा दलित समाज के उत्थान व शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जो प्रयास किए गए वह आज भी प्रासांगिक हैं। उन्होंने कहा समाज के लोगों को उनके विचारों व उनके आदर्शो को अपनाने की आवश्यकता है। वही ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने कहां की बाबा साहेब ने शिक्षा से दलित समाज को गति प्रदान करने का काम किया है। वही हमारा भी कर्तव्य है कि समाज के उत्थान में हम अपना योगदान दें और देश व समाज को आगे बढ़ाए। उन्होंने कहां की सभी वर्गो के लोगो को शिक्षा को अपनाना होगा और शिक्षा से ही लोग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं। समाज के लोग उनके बताए गए मार्ग का अनुसरण कर देश की उन्नति में अपना योगदान दें। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत व उनके कार्यकर्ता रमेश प्रधान, इरशाद अली, सचिन प्रधान, सतीश दुबे, नाथी राम चौहान, मुकर्रम अंसारी, मुशररफ अंसारी, नदीम प्रधान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# नगीना लोकसभा की जनता का पूरा आशीर्वाद मिलेगा मुझे ओमकुमार

## क्षेत्र की जनता किसी के बेकावे में आनेवाली नही है

शमीम अहमद ब्यूरो दैनिक के,हिन्दुस्तान




शेरकोट । अंबेडकर धर्मशाला मोहल्ला समना सराय में पहुंचे नगीना लोकसभा 5 के भाजपा प्रत्याशी सांसद एवं विधानसभा नहटौर भाजपा विधायक ओम कुमार, एवं धामपुर 20 विधान सभा भाजपा विधायक अशोक राणा के अंबेडकर धर्मशाला पर पहुंचने पर ढोल नगाड़े एवं फूलमाला से किया स्वागत । सभा को संबोधित करने से पहले नगीना लोकसभा भाजपा सांसद प्रत्याशी एवं विधानसभा नहटौर विधायक ओम कुमार तथा विधायक अशोक कुमार राणा ने सभा को संबोधित करने से पहले संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर, संत शिरोमणि गुरु रविदास, व हनुमान जी की प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर नमन किया । सभा की अध्यक्षता श्याम सिंह भगत जी एवं संचालन शेरकोट भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि विधानसभा नहटौर के विधायक ओम कुमार तीन बार के विधायक रहे हैं। यह साफ सुथरी छवि एवं जनता में अपनी अच्छी पकड़ रखने वाले ऐसे हमारे भाजपा प्रत्याशी मेरे छोटे भाई ओम कुमार विधायक हैं। नगीना लोकसभा 5 के प्रत्याशी भाजपा सांसद ओम कुमार को इस बार भारी मतों से कमल का फूल के सामने वाला बटन दबाकर विजय बनाए। और मोदी योगी के हाथ मजबूत कर तीसरी बार भाजपा सरकार को बनाने का काम करेंगे ऐसी आप सभी लोगों से में अपेक्षा करता हूं। नगीना लोकसभा पांच भाजपा प्रत्याशी सांसद विधायक ओम कुमार ने कहा कि लगभग75 वर्ष से नगीना लोकसभा से बाहरी प्रत्याशी चुनाव लड़ते चले आए हैं। और जब चुनाव लड़ने के बाद नजर नहीं आते और अपनी फोटो पर लिखवा देते हैं गुमशुदा की तलाश ? परंतु इस बार आपके अपने भैया को नगीना लोकसभा से भाजपा से टिकट हुआ है। मैं आप लोगों से वोट मांगने आया हूं। किसी भी बाहरी लोगों के बहकावे में ना आए आने वाली 19 तारीख को कमल के निशान पर बटन दबाकर अपने भाई को भारी मतों से विजय प्राप्त काराये और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर योगी, मोदी के हाथ मजबूत करें। इतना ही नहीं भाजपा सरकार में गुंडे मवाली भूमाफियाओं को जड़ से उखाड़ फेंकने वाली भी भाजपा सरकार है। भाजपा सरकार की योजना प्रत्येक लोगों को मिलती है। जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवल गैस योजना, शौचालय , इतना ही नहीं 5 लाख रुपयो का आयुष्मान कार्ड मुफ्त इलाज की योजना भी मोदी सरकार ने ही की है। किसान योजना, जो हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास एक ऐसी ही भारतीय जनता पार्टी है। मेरे भाइयों में आपके बीच दूसरी बार इस अंबेडकर धर्मशाला पर आया हूं और जब-जब आप बुलाते हैं तब, तब मैं आता हूं और आता रहूंगा किसी भारी आदमी के चक्कर में मत आना मेरे भाइयों कुछ दल बदलू लोग ऐसे भी वोट मांगते फिर रहे हैं जिनका कोई अपना जमीर भी नहीं है कभी कोई सी पार्टी से बाहर निकाल दिए जाते हैं। तो कभी खुद पार्टी में शामिल हो जाते हैं। मेरे भाइयों ऐसे चतुर इंसान से आपको सावधान होने की जरूरत है। मैं आपका अपना भाई ओम कुमार आपके बीच 24 घंटे तट पर तैयार रहता हूं और रहूंगा परंतु 19 तारीख को अपना कीमती वोट कमल के फूल के सामने वाले बटन को दबाकर अपने भाई को भारी मतों से विजय बनाकर दिल्ली पहुंचने का काम करें ।ऐसी मं आप लोगों से निवेदन एवं आग्रह करने आया हूं। सभा में उपस्थित रहे शेरकोट भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान शेरकोट भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजयपाल सैनी उर्फ बृजेश भैया ,भाजपा वरिष्ठ कामेश्वर राजपूत, अचल चौहान, विकास दत्त और कक्की भैया, बिट्टू चौहान, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कोहली, अवनीश चौहान, अमित रोहिल्ला, प्रदीप कुमार यादव, अमिष रस्तोगी उर्फ बोनी भैया , राकेश कुमार, चौधरी धर्म सिंह, रतन सिंह, नीरज कुमार, ब्रिटिश कुमार, अंकित कुमार सिंह, करन सिंह, नरेश कुमार, अरविंद कुमार, महिला नकुंतला देवी, मिथलेश देवी, कमला देवी, सीमा देवी, कांति देवी, सरोज वाला, रेखा रानी, कविता रानी, मंजू रानी, वीरवती, सुषमा देवी, प्रीति देवी, आयुषी रानी, अनीता देवी,आदि लोग उपस्थित। शेरकोट मोहल्ला समना सराय अंबेडकर धर्मशाला मैं मीटिंग का आयोजन रणजीत सिंह दारा के नेतृत्व में किया गया

# प्रतिभा खोज परीक्षा एशियन-सेट स्कूल में उमडा विद्यार्थियों का सैलाब

श्याम पाराशर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो जयपुर (9887033412)

चौमूँ, एशियन गुप ऑफ एजुकेशन मे राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज एशियन-सेट 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8वीं बार्ड , 9वीं , 10वीं ओर 11वीं परीक्षा में शामिल हजारों विद्यार्थियों ने भाग लेकर पुरस्कार व स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए अपना भाग्य आजमाया। संस्था के प्रधानाचार्य राजेश रेवाड़ ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में जयपुर, भरतपुर,




दौसा, अलवर, सीकर सहित अन्य जिलों से 2893 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था के निदेशक ने बताया इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों में से टॉप 100 प्रतिभागियों को स्कॉलरशिप दी जायेगी। प्रत्येक प्रतिभागी को निशुल्क टी-शर्ट वितरित की गई। संस्था के कॉर्डिनेटर मोती लाल रेवाड़ ने बताया कि एशियन-सेट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने से ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफोर्म मिलता है। समय-समय पर संस्था के द्वारा ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस प्रतिभा खोज परीक्षा के आयोजन पर बनवारी रेवाड़, भीमसिंह रेवाड़, लक्ष्मण गोयल कमला निठारवाल, सुशिला रेवाड़, सीता कालीरावणा, हेमराज झाझडा, सुभाष घौसल्या, राजेन्द्र देवन्दा, राजकुमार नटवाडिया, अजय चौधरी, विजय आनन्द पारीक, शाहरूख खान, मुकेश यादव, सुरेश मीणा, विधाधर तिवारी, पिंकी रेवाड़, अभिषेक लाम्बा, प्रिया सेठी, मधु शर्मा, मधु माहेश्वरी, परोमा तिवारी, अर्चना यादव, पूजा गौरा, रिद्धी जांगिड, सरोज योगी, ऊषा, मधुसुदन डागर, अशुतोष मिश्रा आदि अध्यापक गण उपस्थित थे।

# विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर मे आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया

अनुज शर्मा ब्यूरो चीफ जालौन

जगम्मनपुर जालौन / संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जगम्मनपुर आसपास के इलाकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया।




रविवार को

जगम्मनपुर में तुलाराम निषाद वकील की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सुनाकर संकल्प लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र पाण्डेय ब्रजेश प्रजापति सुनील निषाद प्रधान हमीरपुरा भानू प्रताप प्रधान उदोतपुरा रवि मिश्रा रोहित मिश्रा हरेंद्र चंदेल राहुल सेंगर देवेन्द्र दोहरे जाकिर खान ओमप्रकाश दोहरे चन्दा वर्मा अभिषेक दोहरे भूपेंद्र दोहरे के अलावाआयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र में माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान पढ़कर अपने कर्तव्यों पर चलने का आवाहन किया।

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर किया गया अर्दली रूम, सम्बन्धित विवेचकों को विवेचना का त्वरित निस्तारण हेतु दिये गये निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ आकाश मौर्य सोनभद्र

सोनभद्र/ क्षेत्राधिकारी नगर श्री राहुल पाण्डेय द्वार थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम किया गया । अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



# कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत

## छोटी–मोटी बातों व गलत फहमियों के कारण अलग हुए दम्पत्तियों को सोनभद्र पुलिस द्वारा लगातार समझा–बुझाकर कराया जा रहा एक।

## महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 03 वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग, पति–पत्नी साथ में रहने के लिये हुए राजी–

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

जिला ब्यूरो चीफ आकाश मौर्य सोनभद्र

सोनभद्र/डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र



के निर्देशानुसार जनपद में ÷मिशन शक्ति÷ नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में दिनांक 14.04.2024 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज और उनकी टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 03 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया़ जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके अतिरिक्त 03 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

# भाजपा के तीन मंडलो की शक्ति केंद्र टोली एवं पदाधिकारी सम्मेलन सम्पन्न

32

***शक्ति केंद्र पदाधिकारी व प्रभारियों की बैठक को उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने किया संबोधित***

***पद एक व्यवस्था हैं हम सब भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता हैं – जगदीश देवड़ा***

***हर व्यक्ति को लाभ दे रही भाजपा सरकार – उप मुख्यमंत्री देवड़ा***

जिला ब्यूरो धार /मो. 9424075866

धार। भाजपा जिला संगठन के सरदारपुर अमझेरा,लाबरिया मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने शनिवार को ग्राम दसई में संबोधित किया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बैठक को लोकसभा प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया ने भी बैठक को सम्बोधित किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया एवं संयोजको से आग्रह किया की हर बूथ पर जाकर लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाना हे। अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है जिसे हमे पुरा करना है। भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी हैं, शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता मजबूत कार्यकर्ता होते हैं। भाजपा की



नींव में वह जनसंघ के कार्यकर्ता है, जिन्होंने साइकिल पर जीरो से शुरूआत की थी। संघर्ष किया था शामिल हैं। जनसंघ का काम भूखे, प्यासे रहकर किया। तब कोई गांव में खाना खिलाएगा यह भी मुसीबत थी। कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति दिवानापन रहता है। चुनाव लड़ना हमारी ताकत नहीं है। चुनाव कार्यकर्ता लड़ता है। बनने वाले को गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि मैं कुछ बन गया। पद एक व्यवस्था हैं नहीं तो हम एक भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता हैं। इस दौरान लोकसभा विस्तारक ओम प्रकाश दय्या, विधानसभा प्रभारी नरेश राजपुरोहित, जिला पंचायत गायत्री पुरोहित और जगदीश भाभर, संजय बघेल, जिला मंत्री मुकेश केवलजी व दीपक फेमस, जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी, मुकेश शर्मा, अखिलेश यादव, जय सूर्या मंडल महामंत्री दिनेश पटेल सहित भाजपा मंडल पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राकेश नाहर व आभार सुरेश पाटीदार ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



# नल जल के लिए ग्रामीण परेशान

**जिला ब्यूरो धार**

मो. 9424075866

धार/बदनावर-तहसील के ग्राम काछी बड़ौदा में प्रधानमंत्री नल जल योजना एवं ग्राम पंचायत के द्वारा सरगरा मोहल्ले में नल नहीं देने से मोहल्लेवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है वहीं प्रधानमंत्री नल जल योजना के अंतर्गत पाईप लाईन भी नहीं डाली गई जबकि हर घर नल-जल योजनाओं में पहुंचाने का प्रधानमंत्री का उद्देश्य है लेकिन ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं।इस संबंध में ग्रामपंचायत को भी अवगत कराने के उपरांत भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है मोहल्लेवासियों द्वारा सी एम् हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई गई है वहीं मोहल्ले में गटर की भी सफाई नहीं होने से निकलने में भी परेशानी हो रही है। मोहल्लेवासियों द्वारा एस डी एम बदनावर को ज्ञापन दिया जायेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि कई मोहल्लों में प्रधानमंत्री नल जल योजना के अंतर्गत पाईप लाईन नहीं डाली गई है।

वहीं कहीं कहीं पाइप लाइन भी फुटीं पड़ी है जिससे पानी नल में नहीं पहुंच रहा है।

ज्ञात है कि बदनावर -तहसील में कई ग्रामीण क्षेत्रों में ठेकेदार द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत कहीं पाइप लाइन तो कहीं पाइप लाइन अधुरी पड़ी है तथा अधिकतर पाइप लाइन लिंकेज, तो कहीं पाइप लाइन खोदने के पश्चात अधुरा ही छोड़ दी है। सरगरा मोहल्ले के निवासी पंकज सरगरा ने बताया कि मेरे द्वारा सीएम् हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन उसके बावजूद भी भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## कस्बा बागरोद के पास में हुआ भयानक एक्सीडेंट

**जिला ब्योरो नीरज दुबे**

त्योंदा ~ राहतगढ़ निवासी तीन लोग मोटरसाइकिल 3 राहतगढ़ से बागरोद चौराहा की ओर आ रहे थे तभी उनका फोर व्हीलर कार से एक्सीडेंट हुआ जिसमें एक्सीडेंट काफी तेज हुआ था युसूफ 25।। निवासी राहतगढ़ इनकी



मृत्यु हो गई बाकी दो लोग और गंभीर हालत में रेफर किया गया शासकीय सामुदायिक अस्पताल में सफाई कर्मी पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं इस कारण अस्पताल की व्यवस्था डगमगा रही है ना तो अस्पताल में कोई सफाई की व्यवस्था है नॉर्मल मरीजों के लिए भी जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी का कहना है कि कस्बा बागरोद के पास जो एक्सीडेंट हुआ है तुरंत पुलिस स्टाफ के द्वारा मौके पर जो भी मदद की जा सखी पुलिस के द्वारा की गई थाना प्रभारी पुलिस स्टाफ सहित मौके पर मौजूद थे एवं घायलों की मदद करतै नजर आऐ डॉ नीलेश गुर्जर का कहना है कस्बा बागरोद के पास में एक्सीडेंट हुआ है वह लोग अस्पताल में इलाज कराने आए जिसमें से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी थी बाकी लोगों के लिए रेफर किया गया।

## सियाघाट पर ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्स पर जा पलटा, एक घायल

**ओमप्रकाश परमार,**

देवास। आष्टा-कन्नौद राजमार्ग स्थित कुसमानिया के पास सियाघाट पर रविवार दोपहर में एक ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्से पर जा पलटा। घटना



की सूचना मिलने पर डायल 100 मौके पर पहुंची और घायल को कन्नौद अस्पताल ले गए।

डायल 100 प्रभारी बाबूखान ने बताया कि रविवार दोपहर में सियाघाट पर एक ट्रक पलटने की सूचने पर पायलेट माखनसिंह राठौर के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया कि ऑटो रिक्शा कुसमानिया से आष्टा की और जा रहा था। उसी दौरान आष्टा से कन्नौद की और आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीए 7509 का ब्रेक फैल होने से अनियंत्रित हो गया। ट्रक ड्राइवर ने घाट के पहाड़ की कराड में ट्रक को रोकने का प्यास किया। घटनाक्रम में ट्रक पहाड़ की कराड से टकराकर रिक्शे पर जा पलटा। हादसे में रिक्शे के परखच्चे उड़ गए। और ऑटो चालक भी घायल हो गया। जिसे डायल 100 से तत्काल कन्नौद अस्पताल ले गया। जहाँ घायल का प्राथमिक उपचार जारी है।

## भाजपा नेता वशिष्ठ पांडे के भाई ने हड़प लिया विंध्यांचल एयर प्रोडक्ट का 277 नग अक्सीजन सिलेंडर

मांगने पर देते हैं भाजपा नेता होने का धौंस,वरगवां थाने पहुंचा मामला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- अक्सर यह आरोप लगते रहे हैं कि कुछ लोग राजनीति को सिर्फ सुरक्षा कवच बनाकर दूसरों को परेशान करने के उद्देश्य से सफेद पोशाक धारण करते हैं ऐसे नेताओं का समाज सेवा से कोई सरोकार नहीं रहता,एक इसी तरह का गंभीर मामला सामने आ रहा है,मूल रूप से सीधी जिले के निवासी जो पिछ्ले कई वर्षों से सिंगरौली में कारोबार कर रहे वशिष्ठ पांडे के भाई चक्रधारी पांडे के उपर गंभीर आरोप लगाया जा रहा है,वरगवां में स्थापित विंध्यांचल एयर प्रोडस्ट के ऑनर ने वरगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चक्रधारी पांडे उनका 277 नग ऑक्सीजन तथा नाइट्रोजन गैस का सिलेंडर हड़प लिए हैं,दरअसल बताया गया कि चक्रधारी पांडे कुछ वर्ष पहले विंध्यांचल एयर प्रोडक्ट से उक्त गैस की एजेंसी लिए थे कई वर्षों तक काम करने के बाद फिर किसी दूसरी कंपनी से एजेंसी ले लिए,किंतु उनके पास 277 नग सिलेंडर रह गया था,अब उसी सिलेंडर से किसी अन्यत्र कंपनी से गैस भरवाकर काम करते हैं,इधर विंध्यांचल एयर प्रोडक्ट का सिलेंडर वापस नहीं कर रहे हैं,साथ ही मांगने पर अपने भाई का यानी भाजपा नेता वशिष्ठ पांडे का धौंस देते हैं,बताया गया कि विंध्यांचल एयर प्रोडक्ट से चक्रधारी पांडे का एग्रीमेंट भी हुआ था जिसमे उनके भाई वशिष्ठ पांडे गारंटर भी हैं लेकिन उस एग्रीमेंट की सरेआम अवहेलना कर रहे हैं,फिलहाल इस मामले की वरगवां थाने में शिकायत की गई है।

# नगर में आंबेडकर जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जिला ब्यूरो धार मो. 9424075866**

बदनावर। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती रविवार को नगर समेत अंचल में मनाई गई। इस मौके पर नगर के अंबेडकर चौराहे पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौराहे पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी श्याम बंसल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बताए गए रास्ते पर हमें चलना पड़ेगा। वे सभी समाज के लोगों का विशेष ध्यान रखते थे। सभी को एक साथ लेकर चलने वाले भारत में पहले महापुरुष थे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान को लिखा है। इस संविधान की वजह से ही हम सभी को समानता का अधिकार मिले हैं। साथ ही उन्होंने भेदभाव



हटाकर समरसता एवं समानता का अधिकार दिया है। कार्यक्रम को अन्य नेताओं ने भी संबंधित कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मीना यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश मालवीय व दिनेश गिरवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रितेशसिंह पवार, प्रजेंद्र भट्ट, शिवरामसिंह रघुवंशी, पार्षद अनिता चौहान, सुखराम देवदा, दिनेश बामनिया, मुकेश बोरझालिया, कालूराम सोलंकी, सुभाष धोका, मितेश शर्मा, अंशुमन जोशी, प्रवीण चावला, अशोक पटेल, लोकेंद्रसिंह सोलंकी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर नगर के जेल रोड पर स्थित अंबेडकर भवन परिसर में स्थापित अंबेडकर प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम ढोलाना, कानवन, नागदा, कोद, बिडवाल आदि गांवो में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई। यह जानकारी भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने दी।

# प्रतिमा पर माल्यर्पण कर बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता प्रकट की

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास**

**यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

मण्डलेश्वर (निप्र) बाबा साहब की जयंती के अवसर पर कृतज्ञ समाज ने उनको श्रद्धापूर्वक याद कर श्रद्धांजलि दी । मण्डलेश्वर स्थित बड़वाह रोड पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर नगर परिषद द्वारा सफाई रंग रोगन कर टेंट लगाया गया जहाँ देश भक्ति गीत बजाए गये । बाबा साहब को श्रद्धांजली देने वालो में पूर्व मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधौ ने सबसे पहले प्रतिमा स्थल पहुंचकर बाबा साहब को माल्यार्पण कर नमन किया उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे पार्षद कमलेश भार्गव सहित कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे । उसके बाद महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने भी कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब को नमन किया ।बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने दोपहर बाद भी लोग पहुंचे ।समाज सेवा से जुड़े लोग और कर्मचारी अधिकारियों ने भी संविधान निर्माता के प्रति श्रद्धा प्रदर्शित की । शासकीय महाविद्यालय मण्डलेश्वर के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रवीर पांडे अपने बच्चो को लेकर बाबा साहब को नमन करने पहुंचे और



बाबा साहब को माल्यार्पण किया ।डॉ पांडे ने बताया कि हम अपनी अगली पीढ़ी को बाबा साहब के त्याग बलिदान समाज सेवा और देश को उनके द्वारा दिये अमूल्य उपहार भारतीय संविधान के बारे में बता सके उन्हें बाबा साहब से जोड़ सके इसलिये अपने बच्चो को बाबा साहब की जयंती या पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जरूर लेकर जाना चाहिये ।वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश राजदीप जितेन्द्र वासुरे दीपक पांडे अश्विन पीपल्दे ने भी बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की ।

## नाले में मिला 30 वर्षीय युवक का शवः जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /मनोज सिंह /जिला ब्यूरो**

दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनोल नाले में रविवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों मामले की सुचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाल कर पहचान कराई। दिगौड़ा पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह पूनोल नाले में शव पड़े होने की सूचना मिली थी।



मौके पर जाकर मामले की जांच की गई। इस दौरान नाले के पास सड़क किनारे एक बाइक खड़ी मिली। बाइक की नंबर प्लेट से पता लगाया गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुशील पिता हनुमत यादव निवासी कुर्राई के तौर पर हुई। इसके बाद मृतक के परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। नाले से शव बाहर निकाल कर परिजनों से पहचान कराई गई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया है। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि शनिवार रात सुशील रिश्तेदारी में रतनगुआ जाने का बोलकर घर से बाइक लेकर निकला था। आज उसका शव नाले में पड़े होने की सूचना पहुंची और बाइक घटनास्थल के पास सड़क किनारे खड़ी मिली। परिजनों ने सुशील की हत्या की आशंका जताई है।

# बाहरी व्यक्ति 19 अप्रैल को नही रह सकेंगे जिले में , जाना होगा जिले से बाहर

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली /- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा के अनुसार सिंगरौली जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दिनांक 19 अप्रैल को कराया जयेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में लोकसभा निर्वाचन, 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा प्रतिबंधत्मक आदेश जारी किये गये है जिसके तहत अन्य जिलों से आने वाले राजनैतिक दलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता जो सिंगरौली जिले के मतदाता नहीं हैं, उन्हें मतदान दिनांक 19 अप्रैल 2024 के 48 घंटे पूर्व सिंगरौली जिले की सीमा से बाहर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा यह आदेश लोक सभा निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में




दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सिंगरौली जिले के बाहर से आने वाले राजनैतिक दलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता जो सिंगरौली जिले के मतदाता नहीं हैं, उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 17.04.2024 को शायं 6.00 बजे से दिनांक 19.04.2024 को मतदान समाप्ति तक सिंगरौली जिला छोड़ने का आदेश दिया जाता है।पुलिस अधीक्षक जिला क्षेत्र में स्थित समस्त कल्याण मंडप सामुदायिक भवन आदि की सघन जांच कराये। जहां ऐसे व्यक्तियों को रखा गया हो या जहां बाहरी व्यक्तियों को रूकने के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया हो।

जारी आदेश में कहा गया है कि होटल लाज अतिथि गृह की जांच करें एवं वहां ठहरने वाले व्यक्तियों को सूचीबद्ध करें। सिंगरौली जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में जहां जांच चौकियां स्थापित हैं, वहां से बाहर से प्रवेश करने वाले समस्त प्रकार के वाहनों सहित नदी में परिवहन की नौकाओं आदि का प्रवेश व आवागमन निषिद्ध करें। जांच पड़ताल में पाये गये ऐसे व्यक्तियों की पहचान स्थापित करें कि वे सिंगरौली जिले के मतदाता हैं या नहीं, उनके जिले में ठहरने के कारणों का समाधानकारक जवाब नहीं होने पर उन्हें जिले से बाहर किया जाये।यह निर्देशित किया जाता है कि नियम विरुद्ध पाये गये जिले के बाहर से व्यक्तियों के प्रकरणों में विधि के प्रावधानों के अधीन तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।यह आदेश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्तियों, चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विधि व्यवस्था संबंधी ड्यूटी में संलग्न पुलिस कर्मियों, अन्य सुरक्षा बलों के कर्मचारियों , सिंगरौली जिले में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियो, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं पर लागू नहीं होगा तथा यह प्रतिबंध अन्य किसी नियम आदेश के प्रतिबंधों के अतिरिक्त होंगे।

# मांसाहार से ऐसी-ऐसी बीमारियां आएगी जब तक दवा खोजेगे बहुत लोगों का राम नाम सत्य हो जाएगा-त्रिकालदर्शी संत उमाकांत जी महाराज

## कोरोना रोग बीमारियों का एक तरह से ट्रेलर था, पिक्चर तो आगे चालू होगी

उज्जैन इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि किसी भी पशु-पक्षी का मांस मत खाना। अगर खाओगे तो अभी आपने रोग क्या देखा है, खून जब बेमेल होता है तो तरह-तरह की बीमारियां आ जाती हैं। ये कोरोना अभी तो कुछ भी नहीं है, आगे देखिएगा। बीमारियों की दवा खोजने पर नहीं मिलेगी। आज से चार-पांच साल पहले ही इस बात को कहा करता था कि ऐसी ऐसी बीमारियां आएंगी, जब तक दवा खोजोगे तब तक बहुत से लोगों का राम नाम सत्य हो जाएगा। देखो ये एक तरह से कुदरत का ट्रेलर है तकलीफों और बीमारियों का। पिक्चर तो अभी आगे चालू होगी।



### मन पर काबू पाना एक तरह से लोहे का चना चबाना है

इस कलयुग के मलिन युग में आदमी मन का गुलाम बन रहा है जानते हुए भी की इसका परिणाम बुरा होगा लेकिन आदमी उसको कर रहा है। दुःख-सुख एक सिक्के के दो पहलू हैं। अगर इस तरह लोग शरीर को पापी बना करके नरकों की तरफ न भागते जाते, नरकों में जीवों के जाने की संख्या न बढ़ती, प्रेत योनी में न जाते, प्रेतों की संख्या न बढ़ती तो सन्तों को यंहा आने की क्या जरूरत थी। गुरु महाराज जैसे सन्त को इस धरती पर आने और कष्ट झेलने की क्या जरूरत थी। ऐसे समय पर सन्तों का आना हुआ।

**सबसे बड़ी दक्षिणा :** आप अपनी बुराइयों को यही छोड़ जाओ। यही होगी आपकी सबसे बड़ी दक्षिणा। अभी तक आपकी वजह से जीव हत्या हुई, वह अब न हो। पैसे वाले लोग कहते हैं कि हम मछली बकरा आदि मारते नहीं है, हम तो पैसा देकर मांस मछली खरीद कर लाते खाते हैं। लेकिन अभी मांस मछली खाना लोग बंद कर दे तो कोई मछली बकरा मारेगा? जीव हत्या बहुत बड़ा पाप होता है। जिस जीव को आप बना नहीं सकते हो, उसको मिटाने के हकदार भी नहीं हो। कहा गया है- जो गल काटे और का, अपना रहा कटाये, साहब के दरबार में, बदला कहीं न जाए। बदल देना पड़ता है इसलिए इनकी रक्षा करो ।

# अज्ञात कारणों से सैकडों मछलियां मरने के मामले पर पटवारी पहुंचे नदी पर





रिपोर्टर-दिनेश् शुक्ला

आलोट ताल तहसील अंतर्गत गाँव मैलुखेड़ी चंबल नदी (ताल)पर अज्ञात कारणों से सैकड़ो मछलियां पानी में मर रही है! जिसे लेकर वहीं मैलुखेड़ी के ग्रामीण द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत की गई परंतु वहां से उसे बताया गया कि मत्स्य पालन विभाग को सुचना करें ताकी वे समुचित कार्यवाही करेगा! वही ग्रामीणों ने उक्त मामले से अवगत कराया , जिस पर आखिर का जिला प्रशासन व आलोट विकासखंड अनुविभागीय अधिकारी ने अपने अधीनस्थ अधिकारीगण को आवश्यक कार्यवाई हेतु निर्देशित किया। जिस पर आखिरकार आलोट तहसीलदार सोनम भगत मैडम द्वारा हल्का पटवारी को आवश्यक कार्यवाई हेतु निर्देश किया ।

तहसीलदार के निर्देश पर हल्का पटवारी द्वारा चंबल नदी मेलूखेड़ी( ताल )पर मौके पर पहुंचकर वहां से चंबल नदी का पानी का सैंपल लिया गया एवं उन्होंने बताया कि मछलियों की मौत तो हो रही है? एवं आपने मछली पालन विभाग की आधिकारी को भी ईस संबंध में आवश्यक कार्यवाई हेतु कहा गया है। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को भी अवगत कराया है एवं मौका पंचनामा की कार्रवाई करते हुए इसकी रिपोर्ट कार्यालय तहसीलदार ताल को प्रस्तुत की जाएगी। प्राथमिक रूप से जानकारी सामना आई है कि ऑक्सीजन की कमी के कारण नदी के पानी के अंदर मछलियों की मौत हो रही है, फिर भी पानी की सैंपलिंग की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही और मछलियों के मरने की वास्तविक कारण जानकारी सामने आ सकती है।फिलहाल नदि के तट पर चुना डालने का कहा गया है।

# दो घटनाओं में पेड़ से गिरने व करंट लगने से दो महिलाओं की मौत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे

अनूपपुर। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की जिसमें एक पेड़ से गिरने एवं करंट लगने से मौत की घटना प्रकाश में आई है जिस पर ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में कार्यवाही की गई है। घटना से संबंध में बताया गया कि भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम गंभीरवा टोला दारसागर निवासी 35 वर्षीय महिला की केसमवती पति संतोष सिंह जो 13 अप्रैल की दोपहर घर के पास ईमली के पेड़ में चढ़कर ईमली तोड़ रही थी तभी अचानक पेड़ से गिरने पर सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में प्राथमिक उपचार बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया जहां पहुंचने के पूर्व भी मौत हो गई दूसरी घटना भालूमाड़ा थाना अंतर्गत तितरीपोड़ी गाव के निवासी एवं उप सरपंच कोमल प्रसाद केवट की 42 वर्ष की पत्नी भुमसेनिया बाई केवट जो 14 अप्रैल की सुबह दैनिक क्रिया करने बाद खाना बनाने के लिए कमरे के अंदर गई इसी दौरान अचानक ओंठ के पास करंट लगने से गंभीर होने पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासी ले जाया गया जहां से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाते समय रास्ते में मौत हो गई,दोनों घटनाओं पर जिला अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई करते हुए गवाहों के बयान लेकर ड्यूटी डॉक्टर से शवो का परीक्षण कराने बाद शवो के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर प्रारंभिक जांच करने के बाद प्रकरण की डायरी संबंधित थाना को प्रेषित की गई है।





# नगर पालिका पसान के पार्षदों ने मुख्यमंत्री के समक्ष की भाजपा की सदस्यता ग्रहण

### भाजपा नेताओं ने परिवार में किया स्वागत

अखण्ड प्रताप सिंह । केसरिया हिंदुस्तान

जमुना कोतमा अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर नगर पालिका परिषद पसान के कांग्रेसी पार्षदों ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए 13 अप्रैल 2024 को पुष्पराजगढ़ के करपा में आयोजित विशाल आमसभा में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भाजपा जिला प्रभारी मिथिलेश पयासी भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी नगर पालिका पसान के अध्यक्ष जिले के उपाध्यक्ष राम अवध सिंह पसान मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी तथा अन्य नेताओं की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पसान नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षदों को भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया।




जिन लोगों ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए भाजपा की सदस्य ग्रहण की उनमें मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेश सचिव एवं कांग्रेस से नगर पालिका परिषद पसान अध्यक्ष प्रत्याशी एवं वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती सरोज लोधी एवं चार बार के लगातार पार्षद सूर्य प्रकाश लोधी,वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद कुंवर सिंह , वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद चैनू ,वार्ड क्रमांक 10 के पूर्व पार्षद नरेंद्र लाल पुरी वार्ड क्रमांक 13 के पूर्व पार्षद जितेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्राप्त की। कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से नगर पालिका पसान क्षेत्र में भाजपा की स्थिति और मजबूत हुई है वहीं कांग्रेस को नेताओं के जाने से बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल करने के पीछे नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह की अहम भूमिका रही है उपरोक्त जानकारी राम अवध सिंह व उदय सिंह मामा की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी के द्वारा दी गई

# आज होगी नेगरून रोड स्थित करवाखेड़ी तालाब के पास बाबा रामदेव की प्राण प्रतिष्ठा महाआरती व महाप्रसाद दोपहर 12 बजे

रिपोर्टर-दिनेश् शुक्ला

आलोट सात दिवसीय धामिक आयोजन के साथ आज सोमवार को नेगरून रोड स्थित करवाखेडी तालाब के पास बाबा रामदेव के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा पंडित राधेश्याम शर्मा के सानिध्य में होगी। आयोजन समिति के सदस्य राजू गेहलोत ने बताया की प्रतिवर्ष भादवा बीज पर रामदेव जी भगवान का उत्सव



मनाया जाता आ रहा है।जिससे आय के बाद आम जनों के सहयोग से मंदिर पर जीर्णोद्वार कर नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु सात दिवसीय धार्मिक आयोजन चल रहा हे।जिसकी पूर्णाहुति आज सोमवार को दोपहर 12, बजे महाआरती के साथ होगी।आरती पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा।आयोजन समिति के सदस्य करवा खेड़ी सरपंच शिवनारायण धाकड़,सरपंच नेगरून कालु दास बैरागी,राजू ,मोहन प्रजापत, समरथ प्रजापति,प्रेमसिह देवड़ा,बबलू धाकड़,जनपद प्रतिनिधि,राकेश गेहलोत,भोला धाकड़,वरदा जी केवल, आदि ने भव्य आयोजन को सफल बनाने व प्रसादी में उपस्थित रहने की अपील की है।

# आलोट: बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर निकाला चल समारोह

रिपोर्टर-दिनेश् शुक्ला

आलोट। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उनके अनुयाईयों व्दारा रविवार को नगर में एक चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। बडौद रोड बायपास से चल समारोह प्रारंभ हुआ जो मुख्य मार्गो से होता हुआ तहसील कार्यालय परिसर स्थित डॉ अंबेडकर गार्डन पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया।

चल समारोह में बैंड-बाजे, ढोल-ढमाके, बग्धि में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा तथा बडी संख्या में पैदल व दो पहिया वाहनों पर सवार बडे, युवा हाथों में नीले रंग के झंडे लहराते हुए शामिल थे, चल समारोह का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। तहसील परिसर में स्थित बाबा साहब की मूर्ति को माल्यार्पण किया गया, यहॉ आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालूराम परमार थे, जबकि बद्रीलाल परिहार, नंदराम परमार, बलवंत कुमार वर्मा, विक्रम नावटिया, लक्ष्मण माल आदि विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित थे । काग्रेंस ने भी अम्बेडकर अपनी उपस्थिति होकर माल्यार्पण किया। आयोजन संचालन आनंद चावला ने एवं आभार विक्रम चौहान ने माना। कार्यक्रम में रविदास समाज के दुर्गाशंकर, कबीर प्रकटोत्सव समिति के देवचंद केलवा, ईश्वरलाल सोलंकी, गोवर्धन परमार एवं भीम आर्मी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण व कर्मचारीगण और बडी संख्या ने अनुयाई उपस्थित थे ।



# के के सोनी को बनाया गया उपसरपंच संगठन का प्रथम जिला अध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे

अनूपपुर/ कोतमा। कोतमा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढानपुर के निवासी श्री के.के. सोनी को उप सरपंच संगठन द्वारा सर्वसम्मति से अनूपपुर का जिला प्रथम अध्यक्ष बनाया गया है,



ज्ञात होगी त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में सबसे निचले स्तर का चुनाव पंच का होता है,जो कि माना जाता है कि यह चुनाव विधानसभा और लोकसभा से भी अधिक संघर्ष भरा होता है, और राजनीति का प्रथम पायदान भी माना जाता है, जिनको एक नहीं दो चुनाव लड़ना पड़ता है, जिसके साथ ही उपसरपंच संगठन को मजबूती दिलाने एवं उपसरपंचों को अधिकार दिलाने हेतु जिले के सभी उप सरपंच ने श्री के के सोने के पर भरोसा करते हुए आज सर्व सम्मति से जिले के प्रथम जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया श्री सोनी बचपन से ही सार्वजनिक जीवन में धार्मिक,सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में काम किया है, जिनका शासन-प्रशासन मे अच्छी पकड़, कार्या अनुभव,योग्यता संघर्षसील व मिलन सारिता को ध्यान में रखते हुए संघ द्वारा इन्हें जिले की कमांड सौंपा है, पूरे जिले भर से हजारों लोगों द्वारा दी जा रही है बधाइयां।

# हनुमना परिवहन विभाग ने चार बसों से वसूला 3,42400 का शमन शुल्क

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

हनुमना, परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश में वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने के जारी किए गए आदेश तथा वाहनों के हाई सिक्योरिटी तथा नंबर प्लेट लगाए जाने की जारी किए गए आदेश के तहत शनिवार को हनुमना चेक पोस्ट प्रभारी रवि मिश्रा,और विभाग के रविंद्र चतुर्वेदी, धीरेंद्र तिवारी , जितेंद्र सिंह सेंगर,सूर्यभान लोधी, धीरेंद्र प्यासी, ने बिना परमिट की पांच बसें उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र की ओर जा रही थी जिसमें बस क्रमांक ह्रश्च 65 ठ्ठह्ल, 6823 ह्रश्च 65 ठ्ठह्ल 6824 ह्रश्च65 ठ्ठह्ल 6825 ह्रश्च65 ठ्ठह्ल 6826 जो चेकिंग कार्यवही की इस कार्यवाही के दौरान बिना परमिट पाये जाने कारण उनके विरुद्ध चलानी कार्यवाही की जाकर उनसे लगभग 3,42400 बसों से शासन शुल्क वसूल किया गया

देखा जाए तो लोकसभा चुनाव और आचार संहिता होने के कारण परिवहन चेक पोस्ट हनुमना द्वारा संघन जांच के दौरान ताबड़ तोड़ कार्यवाही किया जा रहा है,

# मतदानकर्मियों का मतदान कल से शुरू, टीआरएस कॉलेज में डाक मतपत्र से होगी वोटिंग

### *अलग-अलग विधानसभा के लिए कक्ष निर्धारित*

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

रीवा लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों तथा चुनाव संबंधी अन्य कार्यों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि डाक मतपत्र से मतदान के लिए 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में व्यवस्था की गई है। इसके लिए ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के 11 कक्षों का 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक अधिग्रहण किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र से सुविधा देने के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर के लिए कक्ष क्रमांक 17, सेमरिया के लिए कक्ष क्रमांक 18, त्योंथर के लिए कक्ष क्रमांक 21, मऊगंज के लिए कक्ष क्रमांक 22 तथा देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में तैनात मतदान कर्मियों के लिए कक्ष क्रमांक 23 में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा रहेगी। विधानसभा क्षेत्र मनगवां के लिए कक्ष क्रमांक 24, रीवा के लिए कक्ष क्रमांक 7, 8 तथा 9 में व्यवस्था की गई है।




विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के लिए कक्ष क्रमांक 26 एवं अन्य जिलों से आए कर्मचारियों को मतदान की सुविधा देने के लिए कक्ष क्रमांक 25 में व्यवस्था की गई है। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को डाक मतपत्र से मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

***तकनीकी सहयोग देने के लिए अधिकारी तैनात--***

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए विधानसभावार सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहायक रिटर्निंग आफीसरों को तकनीकी सहयोग देने एवं कम्प्यूटराइजेशन के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में एईजीएम शक्ति प्रताप सिंह, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में एईजीएम राहुल गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में एईजीएम रामकृष्ण तिवारी तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में एईजीएम धीरज प्रताप सिंह को तैनात किया गया है। विधानसभा क्षेत्र मनगवां में एईजीएम अमित गर्ग, विधानसभा क्षेत्र रीवा में एईजीएम अमित पाण्डेय, विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में एईजीएम अमित सोनी तथा विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में एमआईएस क्वार्डिनेटर सुदेश पाण्डेय को तैनात किया गया है।

# विराटेश्वरी धाम में महाअष्टमी आरती, नवमीं को विशेष श्रृंगार, विशाल भंडारा, जवारा विसर्जन का होगा आयोजन

## मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर माँ विराटेश्वरी के दरबार में महाआरती का होगा भव्य आयोजन

शहडोल। नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चौत्र नवरात्रि के अवसर पर महाष्टमी महाआरती का भव्य आयोजन होने जा रहा है श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए सोमवार को बताया है कि हिंदू नव वर्ष शुक्ल प्रतिपदा चौत्र नवरात्रि के नौदिनी महापर्व के पावन अवसर पर चौत्र नवरात्रि महाष्टमी के दिन माँ भगवती की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी आशीष राज तिवारी ने बताया है कि चौत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रथम दिन से ही जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है उन्होंने बताया कि नौदिनी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ विराटेश्वरी जी की महाअष्टमी की महाआरती का भव्य आयोजन 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार किया जाएगा एवं 17 अप्रैल दिन बुधवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती का किया



जाएगा व 18 अप्रैल दिन गुरुवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा तो वहीं 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया जाएगा मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर महाअष्टमी आरती, नवमी विशेष श्रृंगार, विशाल भंडारा, जवारा जुलूस में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं। वही बताया गया कि इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री दुर्गा माता सेवा समिति के द्वारा समिति की ओर से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था निशुल्क है, जूता चप्पल एस्टेंड, मोटर साइकिल स्टैंड, नारियल तोड़ने, पानी, लाइट, प्रसाद वितरण, भक्तो के कथा पूजन के बाद साफ सफाई, अष्टमी को महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया किया जाएगा। श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी, विकास तिवारी, एवं श्री दुर्गा माता सेवा समिति के संरक्षक नारायण पांडे, अशोक मिश्रा, अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास गुप्ता, अनिल सैनी भालू, देवेंदर द्विवेदी, विनय केवट, राजेश त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, राकेश यादव, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर, सोमू गुप्ता, गोलू सोनी, शुभम अग्निहोत्री, शिवम दुबे, शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, रामकिशोर केवट, रवि केवट, जतिन मंगलानी, गौतम राज, लवली, रंजन गुप्ता, आकाश चौधरी अज्जू विश्वकर्मा के सेवादार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी सेवाएं निरंतर माता के दरबार में दे रहे हैं।

# प्राथमिक विद्यालय हर्री एवं जूनियर बालक छात्रावास में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



### कलेक्टर ने कहा- सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर की उपस्थिति में रविवार को शहडोल जिले के सोहागपुर जनपद पंचायत के प्राथमिक विद्यालय हर्री एवं जूनियर बालक छात्रावास में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया साथ ही सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, हम सब ने यह ठाना है वोट डालने जाना है के नारे भी लगाए। उन्होनें मतदाताओं से कहा कि 19 अप्रैल मतदान करनें अवश्य जाए एवं अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिंन्हा, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्र जमुई का निरीक्षण किया

### गेहूं उपार्जन के बाद भुगतान प्रक्रिया को लंबित न रखें -कलेक्टर

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने रविवार को शहडोल जिले के ग्रांम पंचायत जमुई स्थित गेंहू उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्र में गेहूं देते समय किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों से गेहूं उपार्जन के बाद राशि के भुगतान प्रक्रिया को तेजी से करें जिससे जल्द से जल्द किसानों को राशि मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गेहूं के लिए बारदाना, तौलकांटा एवं गेंहू की क्वालिटी को चेक करने की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गेंहूं की जांच करने के लिए उपार्जन केन्द्र में गेहूं का सैंपल रखें एवं मिलान करके गेंहू का तौल कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिंन्हा, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शहडोल एवं कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर का किया औचक निरीक्षण

## स्मार्ट क्लास में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं पाए जाने पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर ने रविवार को शहडोल जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शहडोल एवं कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शहडोल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं इंटरनेट कनेक्शन कराने के निर्देश विद्यालय के प्राचार्य को दिए। कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्रत्येक कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्लास को स्मार्ट क्लास बनाया जाए एवं छात्रों को स्मार्ट क्लास से चित्र एवं वीडियो के माध्यम से शिक्षा देने का प्रयास करें, जिससे बच्चों को समझने में आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के लिए तैयार किए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया एवं भोजन बना रहे कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान छात्रों को खाने के लिए में क्या बन रहा है इसकी जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान




कलेक्टर ने विद्यालय परिषद में स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया एवं उपस्थित छात्रों से चर्चा की। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में छात्रों के खेलने के लिए खेल मैदान की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर तरूण भटनागर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य से छात्रो के लिए मिलने वाले खाद्यान्न की भी जानकारी ली एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति अनुसार खाद्यान्न उपलब्ध्य कराया जाए, जिससे छात्रों के लिए भोजन तैयार करने हेतु कोई समस्या न रहे। इसी प्रकार कलेक्टर ने कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर का भी निरीक्षण किया एवं छात्राओं से चर्चा की। कलेक्टर ने छात्रा पिंकी सिंह से खेल सहित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर तरूण भटनागर ने कन्या शिक्षा परिषर कंचनपुर में स्मार्ट क्लास तैयार करने, खेल मैदान एवं पुस्तकालय की व्यवस्था करने सहित अन्य अवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिंन्हा, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय श्रद्धानंद दुबे, परियोजना प्रशासक विमल चौरसिया उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

शहडोल। शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शांतनु पी गोतमारे की उपस्थिति में रविवार को शहडोल नगर स्थित मानस भवन में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो आब्जर्वर को उनके दायित्व एवं उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान माइक्रो आब्जर्वर को बताया गया कि वह अपने मतदान केंद्र पर यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र पर न्यूनतम निर्धारित सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, उचित रोशनी, विद्युत व्यवस्था, उचित संकेतक शौचालय, छांव आदि की व्यवस्था उपलब्ध है या नहीं एवं साथ ही उन्हें बताया गया कि मतदान के दौरान किसी भी राजनीतिक दल के केवल एक ही मतदान अभिकर्ता मतदान केंद्र में उपस्थित हो सकते हैं। प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर को बताया गया कि माकपोल करने की स्थिति में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। प्रशिक्षण



के दौरान अनु विभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, नोडल अधिकारी मतदान प्रशिक्षण आर एस पांडे, मास्टर ट्रेनर पीके सलवार, प्रमोद पांडे सहित समस्त माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने पीव्हीटीजी अनुसूचित जनजाति बैगा परिवारों के लिए संचालित पी एम जनमन योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रगतिरत कार्यों के साथ वन धन केंद्र तथा बैगा जनजाति के लिए जनमन योजना एवं विविध घटकों के कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता के दायरे में समस्त कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें। समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। थाना पपौंध क्षेत्रांतर्गत शनिवार की रात्रि में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उपेन्द्र उर्फ सत्ते यादव नाम का व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर तिखवा तिराहा तरफ घूमकर लोगों को गांजा बेच रहा सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा तिखवा तिरहा के पास जाकर देखा तो एक व्यक्ति हाथ में झोला लेकर आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम उपेन्द्र उर्फ सत्ते यादव पिता शिवशंकर यादव उम्र 45 वर्ष निवासी छतवा का होना वताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके हाथ में रखे झोले से मादक पदार्थ गांजा 355 ग्राम कीमती 5,000 बरामद हुआ। पुलिस टीम के द्वारा गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्यवाही

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा शनिवार को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 110 चालानों में 42,200/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति द्वारा कार्यवाही प्रारंभ

शहडोल। शहडोल जिले में स्थित अल्ट्राटेक कोल माइन विचारपुर की शिकायतें अनवरत रूप से कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त होती रहती हैं इस संबंध में कलेक्टर तरुण भटनागर के द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है। शनिवार को गठित दल द्वारा मुड़ना नदी में होने वाले जल प्रदूषण की जांच प्रारंभ हुई। गठित दल में खनिज अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी, श्रम अधिकारी एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कार्य विभिन्न स्थानों से जल नमूना एकत्रित किए गए।

# कमिश्नर ने किया आवासीय बालिका विद्यालय सोहागपुर का आकस्मिक निरीक्षण

### आवासीय बालिका विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रचार-प्रसार कराएं- कमिश्नर

फोटोः 05

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने रविवार को आवासीय बालिका विद्यालय सोहागपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने आवासीय विद्यालय में छात्राओं के लिए आवासीय परिसर में संचालित भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि की आवासीय बालिका विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन मुहैया कराया जाए। किचन में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाए। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही मेडिकल किट्स की भी जांच की जाए तथा पूर्णतः संतुष्ट होने के बाद ही छात्राओं को मेडिकल किट्स मुहैया कराई जाए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को अन्य गतिविधियों के साथ ही संगीत की शिक्षा भी कक्षा छठवीं से ही दिलाई जाए, साथ ही छात्रों को



छात्रावास में समाचार पत्र भी मुहैया कराए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की आवासीय बालिका छात्रावास में प्रवेश हेतु व्यापक प्रचार प्रचार भी किया जाए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त विकास मदन सिंह कनेश भी कमिश्नर के साथ रहे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# धूमधाम से मनायी गयी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती

सीतापुर । डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती जनपद में बहुत ही धूमधाम से मनायी गयी । ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगो के द्वारा जगह जगह पर

जलपान व भंडारे का आयोजन किया गया ,डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क से लेकर लालबाग चौराहे तक बहुत ही धूमधाम से रैली निकाली गयी

## डॉ0 अंबेडकर को पढ़ने की जरूरत है-- हरिशंकर गुप्ता

बिसवां - भारत रत्न, सिंबल का नॉलेज, मानव वैज्ञानिक, बैरिस्टर, विश्व के सबसे बड़े संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर 133 वीं जयंती के उपलक्ष में नगर के मोहल्ला झज्झर मे स्थापित प्रतिमा पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा,भाजपा उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला,नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता,समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।उसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई ।शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर रोडवेज बस स्टॉप पर पहुंची ।वही डॉ अंबेडकर स्मारक पर जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए। पत्रकार एवं समाजसेवी हरिशंकर गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को डॉक्टर अंबेडकर को पढ़ने की जरूरत है क्योंकि डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था हमारे पैरों में जुते भले ही ना हो लेकिन हमारे हाथों में किताबें होना चाहिए देश आजादी के बाद दलितों, वंचितों की हालत बद से बदतर थी डॉक्टर अंबेडकर ने संविधान में हम सबके मौलिक अधिकारों को लिखकर मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है यदि हम डॉक्टर अंबेडकर के लिखे हुए संविधान को पढ़ें तो यकीनन हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और हमारे अधिकारों को कोई हमसे छीन नहीं सकता है लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है आज की व्यवस्था में भी संविधान को मनमाने ढंग से लागू किया जाता है ऐसा प्रतीत होता है कि संविधान सबके लिए बराबर नहीं है जो गरीब है मजलूम है दबे कुचले हैं कमजोर तबका है उसके लिए संविधान अलग है रसूखदार लोग, सत्ता से जुड़े लोगों के लिए संविधान अलग है हरिशंकर गुप्ता ने कहा यदि हम सब लोग संविधान को बचाने प्रति जागरूक नहीं होंगे तो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो सकते आने वाला भविष्य बेहतर नहीं होगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे मुन्नीलाल पासी जी ने कहा डॉ अंबेडकर ने नारा दिया शिक्षित बनो संघर्ष करो संगठित रहो हम सभी मूल निवासी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा जब हम शिक्षित होंगे तभी हम अपने राष्ट्र अपने देश के लिए बेहतर काम करते हुए बेहतरीन समाज का निर्माण कर सकते हैं शिक्षाविद डॉक्टर संघप्रिय गौतम ने कहा कि मौजूदा सरकार समानता की बात करती है लेकिन सामान कहीं से नजर नहीं आती है हमें ऐसे लोगों की चालो को समझना होगा डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है जब हम डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को पढ़ेंगे तो काशीराम जैसे नेता बहुजन नायक पैदा होंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेखपाल संघ के महामंत्री निलेश कुमार



यादव ने कहा डॉ बाबासाहेब भारत रत्न के साथ विश्व रतन भी हैं आज बाबा साहब को सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पढ़ा जा रहा है रिसर्च किया जा रहा है लेकिन कुछ बहरूपिया हमारे बीच में आकर बाबा साहब का नाम लेकर भ्रमित करने का काम करेंगे हम सभी मूल निवासियों को बहुत ही सावधान रहने की जरूरत है

पत्रकार नय्यर शाकेब ने कहा आज बाबा साहब की ही देन है जो सबको पढ़ने का अधिकार दिया है अपनी अभिव्यक्त की आजादी दी है हमें बोलने की आजादी दी है नहीं तो वह वक्त भी था जब लोग सामंतवादी ताकतों के आगे निकल नहीं सकते थे चप्पल नहीं पहन सकते थे झाडू बांधकर चलते थे आज बाबा साहेब की ही बदौलत सबको समान अधिकार मिला हुआ है कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद मोहम्मद आरिफ ने किया

कार्यक्रम की आयोजन मुख्य रूप से जीतपाल, चांद मोहम्मद, बिट्टू कुमार, विनोद कुमार, शिव सिंह,भंवर सिंह, सतीश कुमार दीपक चौधरी मैनपाल कुंवर पाल,सुनील,गया प्रसाद चौधरी, रामलाल,गोविंद प्रसाद , गोकरण प्रसाद आदि ने किया

## बिसवा बार एसोसिएशन के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती।

बिसवा ( सीतापुर ) बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सीतापुर के तत्वाधान में तहसील परिसर बिसवा में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बृजेश नारायण गुप्ता की अध्यक्षता में भारत रत्न,भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर तहसील प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेश नारायण गुप्ता,राज किशोर यादव,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,पुत्ती लाल वर्मा,अनिल कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार कठेरिया,सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,संयुक्त सचिव जितेन्द्र कुमार मिश्रा,राजेश वर्मा,विपिन कुमार



यादव,निर्मल यादव,जगदीश कुमार आदि अधिवक्ताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राष्टीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में मनायी गयी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती।

खैराबाद सीतापुर । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर बौद्धिक प्रमुख ओरी लाल ने बताया बाबा साहब का जीवन बहुत कठिनाइयो से बीता उस समय के दौर में शिक्षा गृहण करना कोई आसान काम नहीं था वो जब स्कूल पढ़ने जाते थे तो लोग उनके साथ नहीं बैठते थे उन्हें बाहर बिठाया जाता था लेकिन फिर भी भीमराव ने दिन रात पढाई की बाद में वे कोलम्बिया पढाई के लिए गए वहां पढाई पूरी करने के बाद में उन्होने वकालत भी की फिर राजनीत में आ गए। भारतीय संविधान में संविधान सभा की प्रारुप समित के अध्यक्ष बनाये गये और संविधान लिखा और सबको समानता की बात की बौद्धिक प्रमुख ने ये भी बताया कि बाबा साहब ने बौद्धिक धर्म अपनाया और साथ में 5000 लोगों को भी बौद्ध धर्म में शामिल किया, ऐसे महान व्यक्ति को हमने 1956 में हमेशा के लिए खो दिया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह प्रशांत विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजेश , तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थति रहे।

## बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाई गई डा. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती ।

मिश्रित सीतापुर । कस्बा मिश्रित के तहसील चौराहा पर स्थित संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बिशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बाबा साहब की याद में तहसील चौराहा से बिशाल शोभा यात्रा निकाल कर कस्बा मिश्रित बाजार , धर्मशाला चौराहा , परसौली चौराहा , नहर चौराहा होते हुए तहसील चौराहा पर रैली समाप्त की गई । इस दौरान सर्व समांज के लोगो ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । आपको बता दें । कि बी.आर. अम्बेडकर एक महान और प्रतिष्ठित व्यक्ति थे । वंचितों के लिए उनके कार्य और विचारधारा की जगह कोई और नहीं ले सकता है । वह वंचित लोगों के प्रति अपनी चिंता दर्शाते थे । उन्होंने लोकतंत्र के सिद्धांत पर एक परिष्कृत जाति विहीन समांज को आकार दिया । उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों , शोषितों और अछूत वर्गो के उत्थान में बिताया । उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है । वह भारत के पहले कानून मंत्री बने थे । उनकी स्मृति में आज तहसील चौराहा पर स्थित डा. बी. आर. अम्बेडकर प्रतिमा पर नगर के लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया । इस मौके पर नगर में संचालित सेव कैरियर कोचिंग सेंटर द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया । आयोजित कार्यक्रम में वीपी हंस , आदर्शिका , मन्नू देवी , कमलेश कुमार भारती , अमित कुमार आदि ने डा. बी. आर. अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला तथा । इस अवसर पर अधिवक्ता ब्रजलाल चौधरी , रामगोपाल बौद्ध , ओंकारनाथ पुष्कर , अधीर बौद्ध , सुनील कुमार सिद्धार्थ , हरिपाल मौर्य , बालकृष्ण दीक्षित ,चमन मौर्य , सौरभ यादव , योगेंद्र सिद्धार्थ , कुसुम , आशा रानी , श्याम रानी , शांती देवी ,शशि देवी आदि सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया ।

## निकाली गई शिक्षा जागरूकता रैली

सीतापुर । कल्ली चौराहा क्षेत्र अंतर्गत डॉ .भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर क्षेत्र के रघुनाथपुर ऐनी में स्थित एल.पी.एल.डी. मेमोरियल एकेडमी के द्वारा शिक्षा जागरूकता रैली का अयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों सहित क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने किया प्रतिभाग किया। रैली को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश भारती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल बच्चों ने बच्चे ÷मम्मी -पापा हमें पढ़ाओ,स्कूल चलकर नाम लिखाओ।÷ ÷हर बच्चे की मांगें चार-शिक्षा,सेहत,हक और प्यार।÷ ÷कदम क्रांति के नहीं रुकेंगे, लड़का-लड़की सभी पढ़ेंगे।÷ आदि प्रेरक नारों के साथ रैली क्षेत्र के विभिन्न गांवों जिनमे ऐनी,मटेरा, डेंगरा, लोकनापुर, पट्टी, हीरापुर, कमाईपुर,औरंगाबाद, ब्रह्मावली,करुवामऊ,सहरुइया, गोपौली,नगवापेड़ी,कुनेरा, जरिगवा चौराहा,कल्ली,उदेपुर होते हुए पुनः रघुनाथपुर ऐनी में विद्यालय पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। सर्व शिक्षा अभियान के तहत अंबेडकर जयंती के मौके पर निकाली गई रैली का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व को बताना और नामांकन के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में बच्चों के साथ चल रहे अध्यापक रास्ते में जगह-जगह रुक कर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह कर रहे थे,रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने अभिभावकों से मिलकर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की, उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों का दाखिला जरूर कराएं। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, सतेन्द्र मौर्य,सर्वजीत,अनुराग सिंह,कंचन मिश्रा,मोनी प्रजापति,रमेश कुमार सियाराम विश्वकर्मा, मुन्ना आचार्य सहित दर्जनों नागरिक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मिश्रित में मनाया गया अग्निशमन सेवा दिवस

### केंद्र प्रभारी राज बहादुर दुबे ने बैच लगाकर आग से बचाव की लोगों को दी जानकारी ।

मिश्रित सीतापुर । अग्निशमन यूनिट मिश्रित व्दारा आज का दिन सेवा दिवस के रूप में मनाया । अग्नि शमन गाड़ियां ग्रामीण भवनों होटल पर पहुंची । केंद्र प्रभारी राज बहादुर दुबे के नेतृत्व में बैच लगाकर कल्ली , नैमिष , मिश्रित के लोगों को अग्नि से बचाव की जानकारी दी गई । केंद्र प्रभारी राजबहादुर दुबे ने बताया कि मुंबई बंदरगाह में 14 अप्रैल 1944 में माल वाहक जहाज फोर्ट स्टेकिन में आग लग गई थी । आग पर काबू पाने के दौरान 66 दमकल कर्मी शहीद हो गए थे । तभी से शहीदों की स्मृति में प्रति वर्ष 14 अप्रैल को अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है । यह अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 20 अप्रैल तक माक ड्रिल के साथ चलता रहेगा । उन्होंने बताया वर्ष 1957 में अग्निशमन केंद्र चाथम की स्थापना की गई थी । मिश्रित क्षेत्र में ग्राम पंचायत बर्मी में कंट्रोल रूम बनाया गया है । उन्होने कहा कि भीषण गर्मी का प्रकोप प्रारंभ हो गया है । फसलें पक गई है । आग लगने का खतरा बढ़ा है । जिससे खलिहान के चारों ओर पानी भरे घड़े व मिट्टी के ढेर उपलब्ध रखे , खलिहान से 100 फुट की दूरी पर खाना बनाए । चिराग का प्रयोग करने के पश्चात पूर्ण रूप से बुझा दे । लैंप व पेट्रोमैक्स सुरक्षित स्थानों पर रखे । आदि तमांम प्रकार की जानकारी दी । उन्होंने बताया मिश्रित क्षेत्र में दो अग्निशमन गाड़ियां उपलब्ध हैं । एक हाई पावर वाटर वाटर गाड़ी एक पंप वाटर गाड़ी जो हाउस वगैरह से कार्य करती है । आग लगने पर टेलीफोन नंबर 101 , पुलिस सहायता हेतु 112 डायल करें । दमकल स्टाफ में 16 फायर कर्मी मौजूद है । कुछ कमियां है वह सीघ्र पूरी कर ली जाएगी । इस अवसर पर चालक नंद किशोर , फायर मैन समी उल्ला , राजेंद्र सिंह , विकास यादव , विकास वर्मा , सुधीर सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहें ।

## विवादित जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काटने का आरोप

तालगांव सीतापुर। विवादित जमीन पर लगे यूकेलिप्टस काटे तालगांव कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हिलालपुर माजरा चांदपुर अरविंद पुत्र जमुना दीन ने बताया कि विवाद का मामला न्यायालय विचारधीन होने के बावजूद भी विवादित जमीन पर लगे यूकेलिप्टस पेड़ गाटा संख्या 848 जो कि विवादित है आदेशों का उल्लंघन करते हुए रामकिशन पुत्र सुंदरलाल निवासी हिलालपुर माजरा चांदपुर ने पेड़ काटने शुरू कर दिए जबकि यह विवादित जमीन है यूकेलिप्टस व आदि



प्रकार के पेड़ शामिल हैं दिनांक 11 अप्रैल को अरविंद पुत्र जमुनादीन जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे तो देखा कि विपक्षी रामकिशन पुत्र सुंदरलाल पेड़ों को कटवा रहे थे और मना करने पर नही माने फिर 112 नंबर कॉल कर पुलिस को बुलाया काटना बंद कर दिया पुलिस के जाते ही फिर से काटने लगे प्रभारी निरीक्षक को वीरेंद्र सिंह तोमर को लिखित शिकायती पत्र देकर न्यायालय आदेश आने तक जमीन से कोई मतलब ना रखा जाए

## पत्रकार के अनुज भ्राता को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

बिसवां सीतापुर। दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार मदनसिंह चौहान के छोटे भाई संजय सिंह चौहान का बीमारी के चलते इलाज के दौरान लखनऊ



में दुःखद निधन हो गया। वे करीब 44 वर्ष की आयु से गुजर रहे थे। हाईकोर्ट लखनऊ के वे कुशल अधिवक्ता थे। उनके निधन से इलाकाई लोगों में जबरदस्त शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार आज रविवार करीब 12 बजे पैतृक गांव गोबर्धनपुर में कर दिया गया। जिसके उपरांत एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां पर मौजूद अनेक गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति व परिवार को दुःख सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौजूद लोग स्व. अधिवक्ता के द्वारा किए गए नेक कार्यो की चर्चाएं करते रहे।

## धर्म परिवर्तन, गोवध जैसे अपराधो में संलिप्त, गैंगेस्टर एक्ट में वांछित कुल 03 अपराधी गिरफ्तार




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा गोवध जैसे अपराध में संलिप्त एवम् गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो अपराधियो तथा क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र शुक्ल के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने जैसे अपराध में संलिप्त गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। विवरण निम्न है-.थाना महमूदाबाद पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 02 अपराधी गिरफ्तार- थाना महमूदाबाद पुलिस टीम( उ0नि0 प्रदीप पाण्डेय, उ0नि0(प्र0) शिवम सिंह, का0 रविन्द्र कुमार, का0 रोहित चौधरी ) द्वारा मु0अ0सं0 141/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर में वांछित 02 अभियुक्तों 1. सगीर कुरैशी पुत्र गुलाम दस्तगीर निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर, 2.नसीम पुत्र शब्बू निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को नूरपुर पुल पैतेपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण शातिर एवम् अभ्यस्त अपराधी है जो अपने आर्थिक, भौतिक लाभ पाने के लिए गोवध जैसे अपराधो में संलिप्त हैं इस संबंध में इनके विरुद्ध कई अभियोग भी पूर्व में पंजीकृत है। .थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 01 अपराधी गिरफ्तार- थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम(उ0नि0 चन्द्रकिशोर यादव,हे0का0 चन्द्रकेश,का0 भूपेन्द्र कुमार) द्वारा मु0अ0सं0 112/2024 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर में वांछित अभियुक्त अब्दुल कय्यूम उर्फ आर्यन मलिक पुत्र करमशेर निवासी करीम नगर थाना खैराबाद सीतापुर को मेल रोज होटल के सामने हाइवे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शातिर अपराधी है जिसके द्वारा अपने आर्थिक, भौतिक लाभ पाने के लिए सीधी साधी लडकियो को बहला फुसलाकर फोटो बनाना व धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाब बनाना न मानने पर हिंसा, प्रपीडन व अन्य प्रकार के अपराध करके सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त करने जैसे अपराध के संबंध में अभियोग पंजीकृत है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड, टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कुल 15 अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचे,कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद ।

खैराबाद सीतापुर । पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिय दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना खैराबाद पुलिस टीमङ्क:

उ0नि0अवधेश कुमार यादव. उ0नि0 अमित कुमार दुबे. हे0का0 संदीप सिहंका0 कर्मवीर सिंह, का0 सोनू कुमार. का0 पीयूष सिंह. का0 कमल सिंह, का0 रोहित रावत. का0 कपिल कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 02 शातिर अपराधियों 1.मुन्ना उर्फ मुछ्ई पुत्र अमीरउल्ला निवासी मो0 सराय थाना खैराबाद 2.शिवकुमार पुत्र प्रताप पासी निवासी अनीसपुर निवासी अनीसपुर मजरा सोहेतरा थाना खैराबाद जनपद सीतापुर को पाठक तालाब श्मशान घाट के पास आम की बगिया बहद ग्राम पाठकपुर से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया गया । मौके से अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें 06 अदद तमन्चा 12 बोर , 04 अदद तमन्चा 315 बोर व 05 अदद तमन्चा अर्द्धनिर्मित 12 बोर व 07 अदद नाल छोटी बडी व 01





अदद खोखा कारतूस 12 बोर व 01 एक अदद खोखा 315 बोर कुल 15 अदद निर्मित /अर्दनिर्मित अवैध तमन्चा , 02 अदद खोखा कारतूस एवम् भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए । अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर नियमामुसार मु0अ0सं0 210/24 अंतर्गत धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समस्त प्रस्तुत किया जा रहा है ।गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं, अभियुक्त शिवकुमार थाना स्थानीय का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है तथा अभियुक्त मुन्ना उर्फ मुछ्ई थाना स्थानीय का टॉप -10 अपराधी है अभियुक्तगण के विरुद्ध पूर्व में चोरी, नकबजनी, लूट, अवैध शस्त्र निर्माण , गैंगेस्टर आदि के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। थाना स्तर में अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर इसी प्रकार चलती रहेगी।

## भारतरत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया

सीतापुर । भारतरत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

जिलाधिकारी ने सभी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी को अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर दिया। सभी ने बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की दी गई शिक्षा को वर्तमान में प्रासंगिक माना। भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहब के संघर्ष व योगदान को सभी ने सराहा। जिलाधिकारी ने कहा कि कई अन्य जो हमारे महापुरूष है उनके भी जन्मदिवस को किसी प्रकार से मनाते हैं क्यों कि जब इन महापुरूषों की जन्मतिथि को हम याद करते हैं तो कहीं न कहीं हम उनके जीवन के जो आधार हैं उनकी जीवन शैली को लेकर चलते हैं, उस पर चलने के कारण वह महान बने होते हैं और उसी को जब हम अपने जीवन में उतारने की कोशिश करते हैं तो हमारे जीवन को भी एक सही दिशा मिलती है। इसी प्रकार से बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी को हम सब जानते हैं कि बाबा साहब एक बहुत ही गरीब परिवार से थे और उनके समय में बहुत सी कुरीतियों का शिकार होता था, उसमें पैदा हुये थे और इन सबके बावजूद भी अपने समय के पढ़े लिखे व्यक्ति थे, उनसे हम सबको सीख लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसा हथियार है, जिससे एक पीढ़ी यदि मेहनत कर जाये और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर दें तो आगे आने वाली पीढ़ियां की परेशानी काफी कम हो जाती है। पढ़ाई के बल पर बहुत कुछ किया जा सकता है। शिक्षा का बहुत महत्व होता है तभी व्यक्ति अच्छी शिक्षा के बल पर अच्छी स्थान पर पहुंचता है। बहुत से लोगों ने जो ऊंचाइयां हासिल की है, अपने माता-पिता से आगे निकल गये हैं तो यह बाबा अम्बेडकर साहब से सीखने वाली चीज है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों से हम सीख लेते हैं। यहां जो भी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित है, सभी सामान्य परिवार से ही होंगे। सभी को किसी भी तरह का भेदभाव नही करना चाहिए। लड़का और लड़की के बीच शिक्षा को लेकर भेदभाव नही करना चाहिए। बेटी के शिक्षित होने से




समाज अधिक शिक्षित होता है, परिवार प्रगति करता है। बाबा साहब सही को सही और गलत को गलत बोलने से कभी कतराए नही है। वैचारिक मतभेद अलग होने के बावजूद भी बाबा साहब ने देश व समाज हित में ही कार्य किया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के दर्शन को संविधान से जोड़ते हुए प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आज अभी जो कुरीतियां समाज मे रह गई है सभी के बोलने से उस कुरीतियों की दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सभी लोग अपने शाहयोगियो से अच्छा व्यवहार रखे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को वेतन मिलता है सच बोलने का, सच लिखने का, सच के साथ रहने का। अतः हम सबको सच का अनुसरण करना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने बाबा साहब के व्यक्तित्व व जीवन शैली प्रकाश डालते हुए, अर्जित शिक्षा के दौरान उत्पन्न चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज हमें बाबा साहब से सीख मिलती है कि उनकी इच्छाशक्ति से जो चाहा वो सब प्राप्त किया। बाबा साहब जन्म से सामान्य थे किंतु अपने संघर्षो से अपनी पहचान बनाई और महापुरुष के रूप में पहचाने जा रहे हैं। बाबा साहब की दूरदर्शिता के कारण अपने अधिकारों व कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बाबा साहब द्वारा संपादित अखबारों ने समाज मे सामाजिक चेतना को जन्म दिया। वर्तमान परिवेश में बाबा साहब की प्रासंगिकता हम लोग देख रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार सिंह ने बाबा साहब के त्यागपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। शोषित, नारी पिछड़े, बच्चों पर ही उनका जीवन समर्पित रहा। सीतापुर में अनेक पिछड़े गांव है अगर उन गांवों के पिछड़े लाभार्थियों को उनका लाभ पहुंचा दें तो बाबा साहब की संकल्पना बहुत हद तक पूर्ण होती दिखेगी। नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी ने कहा कि सभी को संविधान के तहत लाना, सभी को समान अधिकार मिलना बाबा साहब की ही देन है। किसी के साथ भेदभाव न हो यही हम सब की संकल्पना रहेगी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह ने भी बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्हें याद किया।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर ।भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास पूर्वक जनपद की बूथों पर डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मनाया।

डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मण्डल के अपने बूथ 287 पर बाबा साहब की मूर्ति पर मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया,हंसवर ग्राम प्रधान कन्हैया लाल,बूथ अध्यक्ष रोहित कन्नौजिया के साथ माल्यार्पण किया।माल्यार्पण उपरांत उपस्थित लोगों से बाबा साहब की जीवन संघर्ष और समाज में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्म लिए भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी ने अपनी सारी जिंदगी समाज की जातीय व्यवस्था के खिलाफ़ संघर्ष में बिताया।उन्हें भारत की सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।डाक्टर साहब की स्मृतियों को सहेजने के लिए भाजपा सरकार ने उनके जन्म स्थान महू, लंदन की शिक्षा स्थान,दीक्षा भूमि नागपुर,महापरिनिर्वाण भूमि तथा चैतन्य भूमि मुंबई को भव्य रूप में विकसित कर देश को समर्पित करते हुए ऐतिहासिक सम्मान देते हुए पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल किया।

भाजपा सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के फरीदपुर,भड़भड़पुर और गोसाई गंज विधान सभा क्षेत्र की चरावा में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को अतिथि के रूप संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने गरीबों और मजलूमों के लिए बहुत सारे सुधारात्मक और समृद्धिशाली बनाने की कार्य किए हैं।डाक्टर साहब के पास 32 शैक्षिक डिग्रियां थी और वह 9 भाषाओं के जानकार थे।उन्होंने अनेकों पुस्तकें भी लिखी है।उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में लगाया था।भारत की संविधान को तैयार करने में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।बाबा साहब संविधान निर्माता कहा जाता है।वह अपनी माता पिता की 14 वीं संतान थे।रितेश पाण्डेय ने कहा कि वह भी बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के गरीबों के लिए सतत् संघर्ष करते चले आ रहे हैं।लोक सभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू और लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी ने भी डाक्टर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके समाज हित में किए गए कार्यों की चर्चा किया। कार्यक्रम में लोक सभा सह संयोजक राम मोहन भारती चरावां प्रधान राकेश कुमार,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगदीश राजभर,प्रेम वर्मा शामिल रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,निवर्तमान जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमा शंकर सिंह,चेयर मैन ओमकार गुप्ता, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,सुरेश कन्नौजिया,दिलीप पटेल देव सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने बूथों पर डाक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया।

# ऑनकाल व्यवस्था से अवैध अस्पतालों का जाल मजबूत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार एक डॉक्टर एक जगह पर प्रैक्टिस करेंगे। ऐसे में इस नियम का सख्ती से पालन हुआ तो ज्यादातर अस्पताल बंद हो जाएंगे। जिले में पंजीकृत अस्पतालों की संख्या जितनी है, जबकि इसके दस गुना अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं।इनमें से अधिकांश वह अस्पताल हैं, जिनका संचालन कोई डॉक्टर ही नहीं बल्कि दूसरे लोग कर रहे हैं। जिले में क्लीनिक, पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर और नर्सिंग होम मिलाकर करीब 850 संचालित हैं।जिनका संचालन गैर चिकित्सक करते हैं। वहां अपनी क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टर ऑन कॉल प्रैक्टिस करते हैं। इस ऑनकाल व्यवस्था ने ही अवैध अस्पतालों का जाल मजबूत कर दिया। सूत्रों ने बताया कि तमाम ऐसे अस्पताल हैं जो पंजीकरण के समय किसी डॉक्टर के नाम का इस्तेमाल करते हैं। कुछ दिन वह डॉक्टर एक या दो घंटे के लिए ओपीडी में बैठ जाते हैं। बाद में वह अस्पताल डॉक्टर के बजाय झोला छाप संचालित करने लगते हैं। किसी बड़े अस्पताल में फार्मासिस्ट रहे लोग ही ऐसे अस्पतालों में डॉक्टर बन जाते हैं।गंभीर मरीजों के इलाज से लेकर ऑपरेशन तक करने लगते हैं। बीते दिनों छापा डालने के दौरान टीम को इन बातों की जानकारी भी है। कई जगहों पर मीडिया द्वारा सुर्खियों में लाने के पश्चात भी छापा पड़ने के पश्चात कागजात हीं नहीं दिखा सके तो अस्पताल व पैथोलॉजी बंद करवाने के पश्चात फिर पुनः संचालित हो जाता है।मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की, जिसमें यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एक डॉक्टर का ही एक अस्पताल में पंजीकरण मान्य होगा।अगर उनके नाम पर पंजीकरण हो रहा है तो उन्हें इस बात का शपथ पत्र देना होगा कि वे उस अस्पताल में एक साल तक प्रैक्टिस करेंगे। जांच में अगर दूसरे अस्पताल के डॉक्टरों के प्रैक्टिस को बात सामने आई तो मान्यता निरस्त होगी। अस्पताल प्रबंधन उसी डॉक्टर का बोर्ड लगा सकेंगे, जिसके नाम पर उस अस्पताल का पंजीकरण होगा। इन नए नियमों ने अस्पताल संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उसके पश्चात भी जनपद में अधिकांश अस्पतालों में नियमों को दरकिनार कर संचालित किया जा रहा है लोगों द्वारा बताया जाता है कि विभागीय गठजोड़ के कारण इन अस्पतालों का संचालन हो रहा है। शिकायत करने पर केवल दिखावे मात्र की कार्यवाही कर अपने निजी स्वार्थ में लिप्त होकर छोड़ दिया जाता है।

## घर में घुसकर हत्या करने की आरोपी महिला की जमानत अर्जी खारिज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। घर में घुसकर हत्या करने की आरोपी कांती की जमानत अर्जी जनपद न्यायाधीश गौरव श्रीवास्तव ने खारिज कर दी है। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, थाना खंडासा के कीन्हूपुर गांव निवासी ओम प्रकाश के घर में पांच फरवरी 2024 की रात कांती समेत 12 लोगों ने घर में घुसकर फरसा, कुल्हाड़ी और लोहे की राड से हमला किया था। इसमें घायल संदीप की इलाज के दौरान मौत हो गई। ओम प्रकाश की तहरीर पर कांती समेत 12 आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ था।

## नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से डूब कर हुई वृद्ध मौत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नीलकंठ सराय गांव निवासी राम खेलाड़ी पुत्र जगरूप उम्र लगभग 65 वर्ष आज प्रातः सरयू नदी में स्नान करने गए थे मिली जानकारी अनुसार नदी में स्नान करते समय पैर फिसलने से पानी के तेज बहाव में राम खेलाड़ी डूब गये जिसे नदी में डूबे वृद्ध के शव को स्थानीय गोताखोरों की टीम ने कठिन परिश्रम कर बरामद किया नदी में वृद्ध के डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासनिक अमला राजस्व पुलिस एवं स्थानीय गोताखोर की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच कर और गोताखोरों ने नदी में डूबे वृद्ध की तलाश शुरु की वहीं उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज क्षेत्राधिकार राम बहादुर सिंह मौके पर मौजूद रहकर करते रहे छानबीन लगभग 2 घंटे की कठिन मशक्कत के बाद कुशल स्थानीय गोताखोर की टीम ने वृद्ध के शव को बरामद किया उपजिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज ने गोताखोरो की टीम का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

## गैंगस्टर वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। महरुआ थाना अंतर्गत 14 अप्रैल दिन रविवार को महरुआ थाना अध्यक्ष विजय कुमार सोनी अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर डॉक्टर कौस्तुभ अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकार भीटी की दिशा निर्देश पर अपराध और अपराधियों में भय व्याप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाना तथा अपराधियों को जेल दिखाने का रास्ता के तहत चलाएं जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14 अप्रैल दिन रविवार की सुबह गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित आरोपी दयाराम यादव पुत्र विश्व भोर ग्राम मुंगरी थाना बेवाना जिला अंबेडकर नगर को सुबह लगभग 6ः30 थानाध्यक्ष विजय कुमार सोनी उप निरीक्षक रामबली यादव हेड कांस्टेबल दीपक सिंह हेड कांस्टेबल मनोज सिंह सुरेश पाल सिंह सिपाही ललित आनंद सिपाही द्वारा घर से गिरफ्तार कर लिया गया तथा दूसरा आरोपी इरशाद पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी लोरपुर ताजन कोतवाली अकबरपुर को लगभग 5ः30 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अंबेडकरनगर के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## मालीपुर पुलिस ने 02 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल पर्वेक्षण में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 91/2024 धारा 379/411 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण अर्पित उर्फ सुर्यांश पुत्र टेकई उर्फ रमाकान्त निवासी गुवावां जमालपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 19 वर्ष अविनाश पुत्र बसन्तलाल निवासी कबूलपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 18 वर्ष को दो अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन व 100 रुपये के साथ झारखण्डी बाबा मन्दिर तिराहे से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया ।

## जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने 06 अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

दमोह । जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 06 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक विक्रम सिंह ठाकुर पिता महेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नं.-08 पथरिया थाना पथरिया, हरगोविन्द उर्फ हरिगोविन्द पटेल पिता विशंभर पटेल निवासी ग्राम बरधारी थाना पथरिया, नीलेश बंसल पिता पूरन बंसल निवासी वार्ड नं-01 पथरिया थाना पथरिया, नेपाल सींग लोधी पिता साहब सींग लोधी निवासी ग्राम बहेरिया थाना नोहटा एवं रत्नेश उर्फ टाटा पिता अनंतराम मिश्रा निवासी ग्राम बोतराई थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से आगामी 06 माह अर्थात 180 दिवस की कालावधि के लिये तथा सीताराम गौंड पिता लक्ष्मण गौंड़ ग्राम उमराहो थाना पथरिया को 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदकगण आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।समतामूलक समाज की स्थापना को लेकर बोधिसत्व भारतरत्न बाबासाहब डा. भीमराव अंबेडकर जयन्ती का आयोजन जलालपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खजुरी मे किया गया। जहां खजुरी, करौंदी व आसपास के गांवों से 200 से अधिक लोगों ने भागीदारी किया।

एक्शनएड एसोसिएशन इण्डिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसुरेश वर्मा विशिष्ट अतिथि अनिल अध्यापक वीमेन एक्टिविस्ट लक्ष्मी व मानवाधिकार रक्षिका गायत्री समाजसेवी डीपी भारती अनुराग यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार ने कहा कि डा. अम्बेडकर समग्र मानव जाति के मसीहा थे। समाज



के कल्याण के लिए उन्होंने जीवन में जो भी कार्य किया वह अविस्मरणीय है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रामसुरेश वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने बँचितो के अधिकारों की वकालत किया। अनिल कुमार ने कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। डीघी भारती ने बाबा साहब के जीवन चरित्र के बारे में लोगों को बताया। गायत्री ने महिलाओं के लिए डा. अम्बेडकर द्वारा किए गए कार्यों को बताते हुए कहा कि महिला अधिकार बहाली के लिए बाबा साहब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं द्वारा नाचगान किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी निरकला छोटेलाल अखिलेश दीपेश आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सँचालन मनोज कुमार ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलेनाथ अजय कुमार जगत नरायन सुप्रिया तारा आशादेवी जलधारी धनावती मीता निशा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कसौधन समाज ने आयोजित किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या ः गोसाईंगंज नगर में कसौधन समाज ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस परीक्षा में सामाज के 208 बच्चों ने भाग लिया। कसौधन समाज के शिक्षा विभाग के शिक्षक परीक्षा की मानीटरिंग करते रहे। इस परीक्षा में कक्षा तीन से आठ तक के कुल 208 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तहसील अध्यक्ष रामेश्वर कसौधन ने बताया कि यदि अभिभावक चाहें तो इसी तरह की परीक्षा कराकर बच्चों के ज्ञान स्तर को बढ़ाया जा सकता है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से देश के इतिहास व संस्कृति की जानकारी मिलती है। कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष विजय कसौधन ने कहा कि देश का युवा ऊर्जावान है। उसमें क्षमताओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत तो सिर्फ सही मार्गदर्शन की है। इसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल देना बेहद जरूरी है। साथ ही युवा भी अपनी सोच में बदलाव लाएं। वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। इस प्रतियोगिता में उत्तणी होने वाले बच्चों को 24 अप्रैल को होली मिलन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## अज्ञात कारणो से लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।भीटी ग्राम पंचायत के दक्षिणी पूर्वी किनारे पर बाजितपुर गांव की सीमा पर बसे जैसराज पुत्र दुबरी के छप्पर के घर में अज्ञात कारणो से लगी आग से पूरी घर गृहस्ती जलकर राख हो गई यह घटना सुबह 8 बजे घटित हुई ग्रामीणों की मेहनत से आग पर काबू पाया गया उसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग तो बुझा दिया लेकिन यह परिवार पूरी तरह से खुले आसमान के नीचे आ गया यहां तक की जैसराज के शरीर पर पहनने के लिए कपड़े भी नहीं बचे। उनके ऊपर गिरी एक चिंगारी ने उनके शरीर पर पहना हुआ कपड़ा जला दिया लेकिन ईश्वर की कृपा से वह बाल बाल बच गए समाचार प्रेषण तक कोई जिम्मेदार अधिकारी पीड़ित के पास तक नहीं पहुंचा था। इस संबंध में तहसीलदार भीटी धर्मेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित की पूरी मदद की जाएगी।



# जिला कारागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की मनाई गई जयंती

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर । जिला कारागार अम्बेडकरनगर में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई ।सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने बाबा साहेब की चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला कारागार के जेल अधीक्षक के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा भारत के संविधान के विषय में उनके द्वारा बंदियों को जानकारी दी गई । जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बंदियों को अपने जीवन में सुधार लाने की बात कही।जिला कारागार अधीक्षक ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि बाबा साहेब के बताये रास्तों पर चलकर बंदियों के जीवन में सुधार हो और वह आगे चलकर सामान्य नागरिक की तरह जीवन बिता सकें।अंशुमान गर्ग द्वारा बताया की बाबा साहेब ने उस समय जातिबंधन की कुर्तियों के साथ भी कितनी धैर्यशीलता से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया । बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई पूर्ण की तथा विदेश में रहकर भी अपनी पढ़ाई पूर्ण की जबकि उस समय बाबा साहेब के



सामने पारिवारिक व सामाजिक दोनों तरह की ही परेशानियां थी। इसी तरह मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में शांत व धैर्यशील रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। विपरीत परिस्थियों में मौन रहना सबसे बड़ा हथियार है। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह जेलर, गिरिजा शंकर यादव तथा डिप्टी जेलर, छोटे लाल सरोज, तेजवीर सिंह तथा फार्मासिस्ट अशोक कुमार पाण्डेय वरिष्ठ सहायक, रघुनाथ प्रसाद यादव, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार,अनूप कुमार गोंड ने भी अपने विचार रखें।


# जिले में 85 वर्ष से अधिक एवं पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की होम वोटिंग शुरू

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

*होम वोटिंग के लिए प्रथम व द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम जारी*

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं पीडब्ल्यूडी ऐसे मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12डी भरा था, उन होम वोटर को उनके घरों पर अपने मत अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले में होम वोटिंग शुरू की गई है। जिसके विधानसभा स्तर पर दल गठित किए गए हैं। होम वोटिंग संपन्न कराने के लिए मतदान दल प्रथम भ्रमण के दौरान मतदाता के अनुपस्थित मिलने पर दितीय भ्रमण में मतदान संपन्न कराएंगे।प्रथम व द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम अनुसार 14 अप्रैल को प्रथम भ्रमण छतरपुर विधानसभा स्तर पर शुरू किया गया। जहां 142 मतदाताओं ने 12डी फॉर्म भरा है। यहां छूटे हुए मतदाताओं का दूसरा भ्रमण 20 अप्रैल को सम्पन्न होगा। होम वोटिंग के लिए दल द्वारा विधानसभा स्तर अनुसार महाराजपुर अंतर्गत प्रथम भ्रमण 17 अप्रैल एवं दूसरा भ्रमण 20 अप्रैल को



किया जाएगा। बिजावर एवं राजनगर अंतर्गत प्रथम भ्रमण 15 अप्रैल दूसरा भ्रमण 20 अप्रैल को होगा। चंदला में पहला भ्रमण 18 अप्रैल एवं दूसरा भ्रमण 19 अप्रैल को और मलहरा विधानसभा अंतर्गत प्रथम भ्रमण 18 अप्रैल एवं दल का दूसरा भ्रमण 20 अप्रैल को होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उक्त दिनांको पर प्रतिदिन मतदान उपरांत मतपत्रों को राजनैतिक दलों की उपस्थिति में जिला कोषालय के डबल लॉक में संसदीय क्षेत्रवार जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### *675 मतदाताओं ने भरा 12डी फॉर्म* *इनमें 85+, पीडब्ल्यूडी एवं जरूरी सेवाओं से जुड़े मतदाता शामिल हैं*

छतरपुर जिले के लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, पीडब्ल्यूडी एवं जरूरी सेवाओं से जुड़े 323 मतदाताओं ने फॉर्म 12डी भरा है। लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत 280 मतदाता एवं लोकसभा क्षेत्र दमोह अंतर्गत जिले से संबंधित 72 मतदाताओं ने फॉर्म 12डी फॉर्म भरा है।

# थाना कोतवाली पुलिस ने जिले की भौगोलिक सीमा से निष्कासित जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने समस्त थाना प्रभारी को जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर आए जिला बदर आरोपी, क्षेत्र में दहशत फैलाने एवं माहौल खराब करने वालों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है दिनांक 14.04.2024 को थाना कोतवाली में रोड पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सरानी दरवाजा के पास एक व्यक्ति कोई गंभीर बारदात करने की नियत से घूम रहा है। एवं आरोपी जिला बदर है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर के बताये स्थान सरानी दरवाजा में जाकर देखा तो एक व्यक्ति पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास करने लगा घेराबंदी कर पकड़ा गया उक्त व्यक्ति से नाम पता पूंछने पर अपना नाम एहसान राइन उम्र 34 साल निवासी शुक्लाना मोहल्ला थाना कोतवाली का होना बताया। उक्त आरोपी पर जिला दण्डाधिकारी जिला छतरपुर के दाण्डिक प्रकरण क्रमाक 221/ जिला बदर / 2023/ दिनांक 15.3.24 के माध्यम से 06 माह के लिये छतरपुर



जिले एवं समीपवर्ती सीमा पर लगे हुये जिलो की भौगोलिक सीमाओ से निष्काषित करने का आदेश पारति किया गया था। आरोपी का कृत्य धारा 188 भादवि एवं म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर समक्ष साक्षीगणों विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

# मतदान करना नैतिक जिम्मेदारी: भालचंद्र नातू

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो. 7509091263

छतरपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरण अभियान हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहनाई गार्डन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें घुमंतू जाति संयोजक भालचंद्र नातू, प्रांत निधि प्रमुख धर्म जागरण प्रवीण सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहनगर बौद्धिक प्रमुख मनेंदु पहारिया ने किया। कार्यक्रम में नगर प्रचार प्रमुख हरिओम अग्रवाल भी मौजूद रहे। मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से श्री नातू ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदान तभी होगा जब चुनाव होगा। बहुत से देश ऐसे हैं जहां चुनाव नहीं होते हैं लेकिन हमारे देश में चुनाव की प्राचीन परंपरा है। यह जरूर है कि चुनाव कई प्रकार के हो सकते हैं जो सोसाइटियों से लेकर पंचायतों, विधानसभा और लोकसभा तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना चाहिए। श्रीनातू ने कहा कि देश में 10 सालों में बड़ा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि मतदान न करने से बड़ा नुकसान होता है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि आसपास रहने वाले सभी लोगों को पहले मतदान के लिए प्रेरित करें।

### अच्छे लोग वोट डालेंगे तो अच्छी सरकार बनेंगी-प्रवीण

इस पत्रकार वार्ता में प्रांत निधि प्रमुख धर्म जागरण प्रवीण सोनी ने कहा कि संगठित होने पर ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब अच्छे लोग वोट डालेंगे तो अच्छी सरकार बनेंगी। इसलिए मतदान के लिए सभी को जागरूक करना है। लोकसभा चुनाव में हम सभी काम छोड़ कर पहले मतदान करें। क्योंकि यह हमारा प्रमुख धर्म है। कार्यक्रम का संचालन सहनगर बौद्धिक प्रमुख मनेंदु पहारिया ने किया। जबकि कार्यक्रम में नगर प्रचार प्रमुख हरिओम अग्रवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## युवा समाजसेवी रोहित मांझी बने ग्वालियर पूर्व विधान सभा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सह प्रभारी

ग्वालियर- शहर के युवा समाजसेवी रोहित मांझी को उनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की लग्न एवं मेहनत को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा रोहित मांझी को अनुसूचित जन जाति मोर्चा में ग्वालियर विधानसभा पुर्व सह प्रभारी का दायित्व मिला



सह प्रभारी का दायित्व मिलने पर शहर के कई समाजसेवियों एवं उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको पुष्प हार पहनाकर एवं दुरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सह प्रभारी बनाए जाने पर रोहित मांझी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि मेरे द्वारा किए गए कार्यों के माध्यम से में पार्टी के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं आशा करता हूं कि वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद एवं सहयोग यूं ही मिलता रहेगा

28

## *जनेह थाना के प्रधान आरक्षक राजीव लोचन पांडेय को 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 10,000 रुपए के अर्थदंड की मिली सजा,

रीवा लोकायुक्त में पंजीबद्ध भ्रष्टाचार के प्रकरण में विशेष न्यायालय रीवा द्वारा दिनांक 13.04.2024 को पारित निर्णय में आरोपी प्रधान आरक्षक क्रमांक 878 थाना जनेह राजीव लोचन पांडेय को धारा- 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 में 04




वर्ष का सश्रम कारावास एवं ?10,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है, शिकायतकर्ता पन्नालाल कोरी एवं विमलेश कोल उर्फ मदारी के बीच हुए झगड़े में विमलेश कोल की तरफ से पक्की रिपोर्ट लिखी गई तथा शिकायतकर्ता की तरफ से कच्ची रिपोर्ट थाना जनेह में लिखी गई, आरोपी प्रधान आरक्षक राजीव लोचन पांडेय द्वारा शिकायतकर्ता पन्नालाल कोरी की तरफ से पक्का केस बनाने एवं विमलेश कुमार कोल उर्फ मदारी के द्वारा शिकायतकर्ता के विरुद्ध किए गए केस को कमजोर बनाने के एवज में ?15000 रिश्वत की मांग की गई थी, जिसे दिनांक 10/9/2020 को रिश्वत की राशि 15,000 रुपए लेते हुए लोकायुक्त रीवा ने रंगे हाथ पकड़ा था, जिस पर अपराध क्रमांक 116/2020 पंजीबद्ध कर विशेष न्यायालय रीवा में दिनांक- 14.10.2022 को चालान प्रस्तुत किया गया था, जिस मामले में विशेष न्यायालय रीवा द्वारा विचारण उपरांत दिनांक 13.04.2024 को निर्णय पारित कर आरोपी प्रधान आरक्षक को 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 10,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है

7

# अंबेडकर जयंती के अवसर पर जल सेवार्थ प्याऊ आम जन को समर्पित




संडावता- नवरात्र के पावन दिनों एवं अंबेडकर जयंती के अवसर पर सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई संडावता द्वारा ÷समरसता जल मंदिर÷ का शुभारंभ किया गया, जहां राहगीरों के लिए सुलभता से शुद्ध जल मिल सकेगा।

जल सेवा नारायण सेवा के ध्येय एवं गर्मी के दिनो मे जल की आवश्यकता को ध्यान में रखकर राहगीर जल के लिए परेशान न हो इस उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद् के द्वारा पचोर सोयत स्टेट हाइवे मैन रोड जैसे उपयुक्त स्थान पर यह जल मंदिर स्थापित किया गया है, जहां सभी राहगीर एवं आमजन के लिए जल की बेहतर व्यवस्था हो गई है। गौरतलब है विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियो के द्वारा अनेक प्रकल्पो के माध्यम से समाज के लिए कार्य करती है, उन्हीं में स्टूडेंट फॉर सेवा स्त्रस प्रकल्प के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने यह सेवा कार्य किया है। जिनमे प्रमुख रूप से शुभम शर्मा, अंशुल नागर, तुषार,दिलीप प्रजापति,ओमप्रकाश गुर्जर, कौशल नाथ,सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भारत रत्न, संविधान निर्माता श्रद्धेय बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के किए पुष्प अर्पित

देनिक केसरीया/हिंदुस्तान ब्यूरो देवीलाल कुशवाह

राजगढ़ । लोक सभा षेत्र राजगढ़ सहित ग्रामीण आंचलो मै उत्साह के साथ मनाया जन्म जयन्ती दिवस अवसर पर माननीय मंत्री श्री गौतम टेटवाल जी,नगर पालिका अध्यका पंकज पालीवाल सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओ ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबासाहेब की 133वीं जन्म जयंती पर उन्हें नमन किया वही भाजपा मण्डल के संडावता नगर मै भी सेवा बस्ती मै समाज सेवियो द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का पूजन कर जिला पंचयात सदस्य प्रतिन्धि रामलाल खटक द्वारा बाबा साहाब के जीवन पर प्रकाश डाल कर सभी को संभोधित किया इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अजय पालीवाल, पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष देवीलाल कुशवाह, बूथ अध्यक्ष राजेश पाटीदार, बूथ अध्यक्ष मग्लेश कुशवाह, बूथ सहयोजक गोपाल वर्मा, समाज सेवी भगवान् सिंह वर्मा, माखन वर्मा रामप्रसाद वर्मा आदि कार्यकृताओ ने पूजन कर नमन किया

# पुष्य नक्षत्र में महाष्टमी और तीन शुभ संयोग में मनेगी राम नवमी

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

मुरैना। ग्वालियर । बसंत नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि महत्वपूर्ण मानी जाती है। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन, हवन और व्रत का पारण किया जाता है। कहा जाता है कि यदि कोई नवरात्रि के नौ दिन व्रत और पूजा नहीं कर पाए तो अष्टमी-नवमी इन दोनो दिनो मे पूजा करके पूरे नव रात्रि का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता।

वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्रि के आठवें दिन महा अष्टमी मनाई जाती है और मां महागौरी की पूजा होती है। इस बार चैत्र शुक्ल की अष्टमी तिथि 15 अप्रैल सोमवार को दोपहर 12:11



बजे से शुरू होगी और 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 01:23 बजे पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रि में महाष्टमी 16 अप्रैल मंगलवार को मनाई जाएगी इस दिन पूरे दिन रात पुष्य नक्षत्र का संयोग रहेगा जो मां के भक्तो को विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 01:23 बजे से शुरू होकर 17 अप्रैल बुधवार को दोपहर 03:14 बजे तक रहेगी। ऐसे में नवरात्रि की महानवमी और श्री राम नवमी 17 अप्रैल बुधवार को मनाई जाएगी। इस दिन देवी की नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। साथ ही इसी दिन नवरात्रि व्रत का पारण भी किया जाता है। चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर राम नवमी यानी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है।

ज्योतिषाचार्य श्री जैन ने कहा कि राम नवमी के दिन तीन विशेष दुर्लभ शुभ संयोग इसबार बन रहे हैं।

पहला कर्क लग्न - राम नवमी पर इस बार चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेंगे राम जी का जन्म भी कर्क लग्न में ही हुआ था।

दूसरा सूर्य उच्च राशि में -

सूर्य उच्च मेष राशि में जन्म के समय सूर्य दशम भाव में विराजमान होकर अपनी उच्च राशि मेष में थे, इस बार राम नवमी पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष मे होकर दोपहर के समय दशम भाव में मौजूद रहेंगे जो जन्म के समय थे।

तीसरा गजकेसरी योग - इस दिन गजकेसरी योग का भी प्रभाव रहेगा, जो श्रीराम की कुंडली में भी जन्म के समय था

इस योग में जन्म होने पर व्यक्ति गज के समान शक्ति और धन दौलत प्राप्त करता है और राजा के समान होता है इस बार राम नवमी पर इन संयोंगो का एक साथ होना बेहद पुण्यफलदायी है

इसका लाभ राम नवमी के व्रत करने वाले हर राम भक्त को प्राप्त होगा।

*श्री राम जी के पूजन का मुहूर्त* - 17 अप्रैल बुधवार को श्री राम जी का पूजन 11:03 बजे से दोपहर 01:36 बजे तक रहेगा। इस में विशेष पूजन मध्यान्ह का समय 12:21 बजे पर रहेगा।

# शहर में लगता है जाम फंसे रहते हैं प्रशासन का अधिकारी सायरन बने शोपीस

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह। शहर की बढ़ती हुई आबादी उसके उपरांत टमटम वालों का जलजला आम लोगों के लिए मुसीबत ही नहीं नासूर बन गया है जिसकी ग्राफ्ट में आम आदमी के साथ-साथ प्रशासन भी अछूता नहीं है कई बार तो प्रशासन का अधिकारियों आम जनता की भीड़ मेंगाड़ियों का सायरन बजता रहता है और जाम में फंसे रहते हैंमगर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं इस समस्या से निजात पाने के लिए आम जनता ने कई बार नगर पालिका प्रशासन को लिखित में शिकायत दी है कई बार पुलिस प्रशासन को भी शिकायत की मगर कार्रवाई के नाम पर पता नहीं क्यों प्रशासन के हालात्कारी बदले जाते हुए नजर आते हैं और शिवाय आश्वासन के कुछ नहीं कर पाते शादी विवाह सीजन चल रहा है। वैसे ही शहर में जाम की स्थिति बढ़ती जा रही है शहर के मुख्य चौराहों जेसे नगर पालिका चौराहा, पीपल चौराहा ,, पोरसा चौराहा ,परेड चौराहा, जग्गा चौराहा, मुरैना तिराहा,हर चौराहे पर आवागन प्रभावित होता है। क्योंकि एक तरफ शहर के दुकानदार अपनी जगह पर हाथ ठेला लगवाकर



अतिक्रमण कर रहे हैं। एवं ठेला के आगे ई रिक्शा बाले भी खड़े कर लेते हैं। कई बार इस खबर को पेपर एवं चैनल के माध्यम एवं प्रशासित किया गया है। प्रशासित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन नगर पालिका प्रशासन का ध्यान नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये अतिक्रमण प्रशासन के नाक के नीचे लगा हुआ है। जिससे प्रशासन अन देखा कर रहा है। चाहे वो नगर पालिका प्रशासन हो या फिर पुलिस प्रशासन हो। या फिर सामान्य प्रशासन हो ?। प्रशासन की कार्यवाही का अभाव बना हुआ है । इसलिए आम आदमी जाम से जूझता हुआ नजर आ रहा है।शादी विवाह का सीजन होने से लोगों का आगवन ज्यादा बढ़ा हुआ है। इसलिए जाम के हालात उत्पन्न हो रहें हैं। उधर सिविल अस्पताल से निकले बाली ऐम्बुलेंस जाम में घंटों तक फसी रहती है। और सायरन बजता रहता है। ऐसे स्थिति में रेफर किया हुआ मरीज मुरैना या ग्वालियर समय पर नहीं पहुंच पाता है तो इलाज कैसे संभव हो सकता है। मजे की बात तो यह है। शादी विवाह के मौसम में ध्यान में रखते हुए कोई भी पुलिस स्टाफ ड्यूटी पर तैनात नजर नही आता है।




# अंबेडकर जयंती पर कई कर्म का हुआ आयोजन

दमोह। (राजेश कुमार पटेल जिला ब्यूरो दैनिक केसरी हिंदुस्तान) जिले भर में हर साल की तरह आज 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर दिवस मनाया जाता है। क्योंकि उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है, उनका जन्म में 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश में हुआ था

आज पूरे जिले भर में रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्साह से भरे हुए भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जुलूस से मार्च भी निकल गया शांतिपूर्वक आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मार्च निकाला गया और शहर में जगह-जगह भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जन्मदिवस मनाया गया।

# गर्भपात करने के सेंटर बने अवैध अस्पताल ऑडियो वायरल

### पचास प्रतिशत कमीशन लेने के चक्कर में जान जोखिम में डाल रही आशा बहुएं

सीतापुर(लहरपुर) जनपद में पहले से ही अवैध अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है, ऊपर से गांव गांव गली मोहल्लों में प्रसव व गर्भपात कराए जा रहे है, अप्रशिक्षित डाक्टरों और दाइयों के द्वारा मासूमों की जान जोखिम में डाली जा रही है। ऐसा ही एक मामला लहरपुर क्षेत्र का सामने आया है, सोशल मीडिया पर ऑडियो क्लिप वायरल हो रही है जिसमे एक महिला दूसरी महिला से बात कर रही है और कह रही है की एक सफाई करवानी है, तो दूसरी महिला ने जवाब दिया की ले आओ हो जायेगा, सूत्रो की माने तो वायरल ऑडियो में पहली महिला लहरपुर की ही आशा बहु है व दूसरी महिला लहरपुर कस्बे के प्रसिद्ध मजा शाह चौराहे के पास स्थित गौरिया प्रहलादपुर गांव की रहने वाली शीबा बानो जो की एक अप्रशिक्षित दाई है व वह अपने आप को महिला चिकित्सक बताती है। दोनो की हो रही बात चीत से यह स्पष्ट होता है की अवैध रूप से संचालित किए जा रहे अस्पताल में उक्त महिला द्वारा गर्भपात कराए जाते है और आशा बहु को इस काम के लिए पचास प्रतिशत का हिस्सा भी दिया जाता है। इस मामले की जानकारी के लिए सी एच सी अधीक्षक लहरपुर से बात की जानी चाही गई तो फोन नही उठाया गया।





# आईपीएल मैच में अपनी हमशक्ल को देख हैरान हुईं श्रद्धा कपूर, एक्ट्रेस ने शेयर की फोटो

इस समय आईपीएल को लेकर क्रिकेट प्रमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आजकल मैच के बाद स्टेडियम में आने वाली खूबसूरत लड़कियों पर फैंस की नजरें टिकी रहती हैं। कैमरा लगातार उन पर घूमता रहता है। कई लड़कियां रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन जाती हैं। शनिवार रात को ही मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में एक ऐसी ही लड़की की फोटो अब वायरल हो रही है। उनका चेहरा बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर से काफी मिलता-जुलता है। वही एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया पर इस लड़की की एक फोटो शेयर की है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मैच के दौरान मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर। इस मैच के दौरान एक मिस्ट्री गर्ल और उसकी क्यूट स्माइल ने सभी का ध्यान खींचा। सफेद कुर्ती में लड़की बेहद खूबसूरत लग रही थी। दर्शक उनकी मुस्कान के दीवाने हो गए। कई लोगों ने इस वायरल लड़की की तुलना श्रद्धा कपूर से की। फिर श्रद्धा कपूर ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस वायरल लड़की की फोटो शेयर की और मजाक करते हुए लिखा, ओह, यह मैं हूं!

श्रद्धा कपूर की तरह दिखने वाली इस मिस्ट्री गर्ल का नाम प्रगति नागपाल है। उनके सोशल मीडिया से पता चलता है कि वह एक प्रोफेशनल सिंगर हैं। 4 अप्रैल 2024 को उनका पहला गाना यूज़लेस भावरा आया। उन्होंने दिल्ली के विश्व विद्यालय में भी प्रदर्शन किया है। प्रगति के इंस्टाग्राम पर 160द्म फॉलोअर्स हैं। अब वायरल होने के बाद उनके फैंस की संख्या बढ़ती जा रही है।

# फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा, दुनियाभर में 76 करोड़ रुपये का कारोबार

**बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां-छोटे मियां' 11 अप्रैल को ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की गई। फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। अब 'बड़े मियां-छोटे मियां' की रिलीज के तीसरे दिन यानी शनिवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं।**



फिल्म ने पहले दिन धमाकेदार ओपनिंग की थी। सैकनिल्क के मुताबिक 'बड़े मियां-छोटे मियां' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी शनिवार को 8.50 करोड़ रुपये कमाए। ओपनिंग डे पर 'बड़े मियां-छोटे मियां' ने पहले दिन 15.66 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को देशभर में इसने 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 31.75 करोड़ रुपये हो चुकी है। वर्ल्डवाइड बात करें तो फिल्म ने दुनियाभर में 76 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

फिल्म का निर्माण वासु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। अक्षय कुमार आखिरी बार 'मिशन रानीगंज' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की।



# फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' 31 मई को होगी रिलीज

बॉलीवुड में अभी दो बड़े बजट की फिल्में रिलीज हुई हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान 11 अप्रैल को रिलीज हुई थी। मैदान के बाद एक और स्पोर्ट्स ड्रामा दर्शकों के सामने आ रही है। चर्चित फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही% की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। इस फिल्म का इंतजार दर्शक पिछले कई दिनों से कर रहे थे लेकिन इस फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया जा रहा था। आखिरकार मिस्टर एंड मिसेज माही को मौका मिल गया है और जल्द ही यह फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।




करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस ने फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माहीका निर्माण किया है। करण ने पोस्ट शेयर कर इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में दर्शकों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। इस फिल्म की घोषणा दो साल पहले की गई थी। पहले ये फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

करण ने अपनी एक पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं... मिस्टर एंड मिसेज माही हमारे सबसे करीब है। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।÷ फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारत के पूर्व कप्तान और महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में राजकुमार महेंद्र और जान्हवी महिमा नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है।

## फिल्म 'मैदान' ने तीन दिन में की 15.6 करोड़ की कमाई

अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' की पिछले कई दिनों से खूब चर्चा हो रही है। फिल्म गुरुवार 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की है। बॉक्स ऑफिस पर मैदान का तीन दिन का कलेक्शन 15.6 करोड़ रुपये हो गया है।

यह फिल्म भारतीय फुटबॉल के इतिहास की एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म 'मैदान' कोच सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है। फुटबॉल के खेल में भारत का नाम रोशन करने के लिए रहीम का समर्पण देखते ही बनता है। अजय देवगन स्टारर मैदान 11 अप्रैल को रिलीज हुई थी।

इंडस्ट्री ट्रैकर सैक्निल्क के मुताबिक तीसरे दिन यानी शनिवार को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ने 5.5 करोड़ रुपये की कमाई की। 'मैदान' ने पहले दिन कुल 7.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है। रविवार को फिल्म की कमाई में उछाल आने की उम्मीद है। वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मैदान' ने 25 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया है।

ज़ी स्टूडियोज़, बोनी कपूर, अरुणवा जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला की निर्मित इस फिल्म की कहानी को सैविन क्काड्रास और रितेश शाह ने लिखे गए हैं। संगीत एआर रहमान का है और गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला के हैं। फिल्म में अभिनेता अजय देवगन, गजराज राव, प्रियामणि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# गर्मियों में धूप से चेहरा दिखने लगता है चिपचिपा, तो ये स्टेप्स करें फॉलो



गर्मियों के मौसम में महिलाएं अपनी त्वचा को टैनिंग से बचाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करती हैं। सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने से जहां सनबर्न और टैनिंग की समस्या से निजात पाया जा सकता हैं तो वहीं कई बार ऐसा होता हैं जब सनस्क्रीन की वजह से चेहरे सफेद और चिपचिपा नजर आना लगता हैं। वहीं इस समस्या से निजात पाने के लिए इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप सनस्क्रीन अप्लाई करने के दौरान ध्यान रखना चाहिए। जिससे सनस्क्रीन की वजह से चेहरे पर सफेद और चिपचिपा नहीं होगा।

### त्वचा को करें मॉइस्चराइज

सनस्क्रीन को लगाने से पहले त्वचा को अच्छी तरह से तरह से त्वचा को मॉइस्चराइज कर लें। सनस्क्रीन लगाने से पहले अगर आप त्वचा को मॉइस्चराइज़ करती हैं तो ऐसा करने पर सनस्क्रीन के बाद स्किन के सफ़ेद होने की समस्या कम हो सकती है साथ ही चेहरे पर चिपचिपा भी नहीं होगा। वहीं जिन लोगों की त्वचा डार्क हैं उन्हें जरुर सनस्क्रीन लगाने से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज़ करना चाहिए।

### ज्यादा सनस्क्रीन का न करें इस्तेमाल

जहां सनस्क्रीन लगाने से पहले स्किन को मॉइस्चराइज करना जरुरी हैं तो ऐसे में इस बात का ध्यान रखने कि बहुत अधिक मात्रा में सनस्क्रीन स्किन पर न लगाएं। सनस्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल करने से भी चेहरे व्हाइट और चिपचिपा हो जाता है। इसलिए सनस्क्रीन की मात्रा का ध्यान रखें।

### 15 मिनट पहले लगाएं सनस्क्रीन

बाहर जाने से कम से कम 15 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं। दरअसल सनस्क्रीन अप्लाई करने के बाद स्किन को सनस्क्रीन अब्जॉर्ब में कुछ समय लगता है वहीं ऐसे में जरूरी है कि बहार जाने से 15 मिनट पहले ही सनस्क्रीन लगा लें।

### इस तरह करें सनस्क्रीन अप्लाई

सनस्क्रीन लगाने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि सनस्क्रीन को रगड़े नहीं बल्कि थपथपा कर लगाएं। वहीं सनस्क्रीन अप्लाई करने के दौरान सनस्क्रीन तब तक अच्छी तरह से लगाएं जब तक सनस्क्रीन गायब न हो जाए। तरह वहीं इस तरह से सनस्क्रीन लगाने से चेहरे पर लाइट नहीं होगा। अगर आप किसी भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करती हैं तब भी ये ये समस्या शुरू हो जाती हैं। वहीं ऐसे में जरुरी हैं एक सही प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। सही प्रोडक्ट का चुनाव करने के लिए किसी स्किन केयर एक्सपर्ट या किसी डर्मेटोलॉजिस्ट की मदद ले सकती हैं।

# बच्चों की मेमोरी बढ़ाने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव





बच्चों की मेमोरी पावर बढ़ाने के लिए पेरेंट्स कई तरीके अपनाते हैं. हर पेरेंट यही चाहते हैं कि उनके बच्चे लाइफ में सक्सेसफुल बने और उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े. उन्हें कामयाब बनाने के लिए पेरेंट्स कई तरह की कोशिशें भी करते हैं. लेकिन कई बार वो भूल जाते हैं कि बच्चों को सफल बनाने के लिए उनके लाइफस्टाइल में भी कुछ बदलाव करना जरूरी है.

## मेमोरी पावर बढ़ाने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

### 1.रेगुलर एक्सरसाइज करें

रोज एक्सरसाइज करने से न केवल बच्चों की फिजिकल हेल्थ बेहतर होती है बल्कि इससे बच्चों की मेंटल हेल्थ में भी सुधार होता है. हर पेरेंट को अपने बच्चे के टाइमटेबल में 30 मिनट एक्सरसाइज का जरूर शामिल करना चाहिए.

### 2.हेल्दी डाइट है जरूरी

अच्छी और हेल्दी डाइट बच्चों के ओवरऑल हेल्थ के लिए जरूरी होता है. आप बच्चों के लिए एक बैलेंस डाइट तैयार करें जिसमें ड्राई फ्रूट्स, नट्स, भीगे हुए चने शामिल करना न भूलें.

### 3.पर्याप्त मात्रा में नींद लें

छोटे बच्चों के लिए पर्याप्त मात्रा में नींद लेना जरूरी होता है, अगर उनकी नींद पूरी नहीं होती है तो इससे उनकी याद्दाश्त भी कमजोर हो सकती है.

### 4.एक्टिव लर्निंग की आदत डालें

बच्चों की स्किल डेवलप करने के लिए आप उन्हें एक्टिव लर्निंग सिखाएं. उनके ब्रेन को एक्टिव रखने के लिए आप पहेलियां, खेल और रोमांचक कुताबों के जरिए उन्हें पड़ाई से प्यार करवा सकते हैं.

### 5.टाइमटेबल बनाएं

बच्चों को समय से सोने और उठने की आदत डालें, इसके लिए आप उनका एक तय टाइमटेबल बनाएं और इसके जरिए ही उनका पूरा दिन तय करें.

### 6.पेरेंट्स की सपोर्ट है जरूरी

बच्चों को हर मोड़ पर पेरेंट्स की सपोर्ट की जरूरत पड़ती है. इस मामले में कभी भी अपने बच्चों को अकेला न छोड़ें. सबसे जरूरी है कि आप अपने बच्चों के दोस्त बनने की कोशिश करें. बात बात पर उनपर चिल्लाने के जगह उनकी बात सुनें और उस हिसाब से फैसला लें.

### 7.बच्चों के साथ समय बिताएं

पढ़ाई और सीरियस बात सिखाने के अलावा बच्चों क साथ हंसी खुशी के पल बिताना न भूलें. इससे आपके बीच दूरियां तो नहीं ही आएंगी साथ ही आपका स्ट्रेस भी कम होगा.